वर्ष 14, अंक 76
गैरसैंण
सोमवार
10 जुलाई 2023
पृष्ठ 8

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित   डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2020-23   फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8445596074, 7060517714, 9412081969   e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com   मूल्य-2 रुपये

## उत्तर भारत में बारिश के कहर से 14 लोगों की मौत, आईएमडी ने जारी किया 8 राज्यों में बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के कई राज्यों में मानसून सक्रिय होने के साथ तेज बारिश से बाढ जैसी स्थिति बन गई है। वहीं उत्तर भारत के कई राज्यों में हो रही इस बारिश के कारण 14 लोगों की मौत हो गई हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और हरियाणा के आसपास के इलाकों में 'बेहद भारी बारिश' की भविष्यवाणी की है।

आईएमडी ने उत्तर प्रदेश में 10 जुलाई से 13 जुलाई के बीच भारी बारिश की भी भविष्यवाणी की है।

# गंगा में गिरी मैक्सः तीन मरे, तीन लापता,पांच घायल

**ऋषिकेश।** उत्तराखंड के ऋषिकेश के थाना मुनि की रेती में रविवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। सोनप्रयाग से ऋषिकेश आ रही एक मैक्स नदी में गिर गई। गाड़ी में 11 लोग सवार थे। सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची।

टीम ने तीन शव निकाल लिए है। जबकि तीन लापता है। अन्य पांच लोगों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, ऋषिकेश के थाना मुनि की रेती की चौकी ब्यासी पर सूचना मिली कि सोनप्रयाग से ऋषिकेश आ रही एक मैक्स गाड़ी मालाकुंती पुल से होटल आनंद काशी के




बीच में राष्ट्रीय राजमार्ग से नीचे नदी में गिर गई। गाड़ी में चालक समेत 11 लोग सवार थे।

सूचना मिलते ही मौके पर थाना पुलिस और रञफ की टीम पहुंची। टीम ने नदी से पांच लोगों को बाहर निकाल लिया है। सभी को एंबुलेंस से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया है। टीम को तीन लोगों के शव बरामद हुए है। जबकि तीन की तलाश जारी है।

रेस्क्यू किए गए यात्रियों ने बताया कि वो सभी लोग अलग–अलग जगह के रहने वाले हैं। सोनप्रयाग से शनिवार की रात आठ बजे एक मैक्स गाड़ी में बैठे थे। तीन बजे मालाकुंठी पुल से आगे गुलर की तरफ पहाड़ से बारिश में अचानक पत्थर गिरने के कारण गाड़ी अनियंत्रित हो गई। गाड़ी सीधे नदी में जा गिरी।

# उत्तराखंड में बारिश के चलते भूस्खलन से हाईवे सहित 165 सड़कें बंद

**देहरादून।** उत्तराखंड में हो रही भारी बारिश से बड़ी संख्या में सड़कें बाधित हो गई हैं। इससे यातायात के साथ ही जनजीवन भी बुरी तरह प्रभावित हो गया है। बारिश से राज्य की 165 सड़कें बंद चल रही हैं। जिसमें 11 राज्य मार्ग भी शामिल हैं। लोनिवि की रिपोर्ट के अनुसार शुक्रवार तक राज्य में 133 सड़कें बंद थी।

जबकि शनिवार को 89 सड़कें और बंद हो गईं जिससे कुल बंद सड़कों का आंकड़ा 222 पहुंच गया था। लेकिन देर सांय तक 57 सड़कों को लोनिवि द्वारा खोल दिया गया। जिसके बाद अब राज्य में कुल बंद सड़कों की संख्या 165 रह गई है। लोनिवि के एचओडी डीके यादव ने बताया कि भारी बारिश की वजह से सड़कों को खोलने के काम में खासी कठिनाई आ रही है।बार बार सड़कों पर मलबा आ रहा है। हालांकि उन्होंने कहा कि सड़कों को खोलने के काम को युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। सभी डिविजनों को सड़कों को तत्काल खोलने को कहा गया है। उधर, बद्रीनाथ मार्ग छिनका व चाड़ा के पास सड़क बाधित रहा, जिससे लोगों को कुछ देर इंतजार करना पड़ा।

## बारिश से उफान पर नदियां, गंगोत्री हाईवे का 10 मीटर हिस्सा धंसा

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड में बारिश का सिलसिला जारी है। रविवार को बारिश के कारण उत्तरकाशी में नदियां उफान आ गईं। उधर, पोखू



देवता मंदिर के पास गंगोत्री हाईवे का 10 मीटर हिस्सा भू–धंसाव की जद में आया। जिसके कारण बिजली का पोल भी क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, गंगोत्री हाईवे पर बंदरकोट के पास भारी भूस्खलन हो गया। जिसके चलते हाईवे बोल्डर और मलबा आने के कारण बंद हो गया। पुलिस प्रशासन ने यात्री वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर रोक दिया है। साथ ही जिले में भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए जिला प्रशासन ने गंगोत्री–यमुनोत्री हाईवे समेत मुख्य मोटर मार्गों पर पुलिस बैरियर से रात्री आठ बजे से सुबह पांच बजे तक वाहनों की आवाजाही पर लगाई रोक लगा दी है।

# चैत्र रामनवमी को रामलला के ललाट पर पड़ेगी सूर्य की पहली किरण

## गर्भगृह के बाहर मंडप की हो रही नक्काशी, ट्रस्ट ने मंदिर निर्माण की गतिविधियों से पत्रकारों को कराया अवगत

**अयोध्या , एजेंसी।** श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे रामलला के भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी शुरू हो गई है। जनवरी 2024 में मकर संक्रांति के बाद रामलला को गर्भगृह में विराजमान कर दिया जाएगा। ग्राउंड फ्लोर के गर्भगृह में रामलला अपने चारो भाइयों और हनुमान जी के साथ विराजमान होंगे। मंदिर के बाहर 8 एकड़ में परकोटा बनाया जा रहा है, जिसका आकार 800 गुणा 800 मीटर है। गर्भगृह के बाहर मंडप की नक्काशी की जा रही है। श्रीराम जन्मभूति तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डा. अनिल मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2024 में मकर संक्रांति के बाद शुभ मुहूर्त पर प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। पहली चैत्र राम नवमी पर सूर्य की किरण भगवान के ललाट पर पड़ेगी इसकी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि ग्राउंड फ्लोर पर फर्श, लाइट और कुछ नक्काशी होना बाकी है। ज्यादातर काम पूरा कर लिया गया है। भगवान की मूर्ति का काम तय समय से पूरा कर लिया जाएगा। ग्राउंड फ्लोर पर फर्श, लाइट और कुछ नक्काशी होना बाकी है। ज्यादातर काम पूरा कर लिया गया है। भगवान की मूर्ति का काम तय समय से पूरा कर लिया जाएगा।

रविवार को मंदिर निर्माण की गतिविधियों से अवगत कराने के लिए पत्रकारों को बुलाया गया जिसमें बताया गया कि 162 खंभों पर राम मंदिर का भूतल तैयार किया गया है, जिसमें मंदिर के गर्भगृह कोली मंडप, गूढ़ मंडप, नृत्य मंडप, रंग मंडप व उत्तर और दक्षिण दिशा में कीर्तन मंडप के साथ गर्भगृह की परिक्रमा पथ को बनाया गया है। वहीं अष्टकोणीय बने गर्भगृह की भव्यता सफेद मकराना मार्बल से की गई है। जहां पर रामलला विराजमान होंगे और आने वाले श्रद्धालु 30 फीट की दूरी से दर्शन प्राप्त करेंगे। भूतल में बने मंडप को लेकर लगाए गए पीलर उनके गरिमा के अनुरूप होंगे। आर्किटेक्ट इंजीनियर चंद्रशेखर सोनपुरा ने बताया कि इन खंभों पर कला कृतियां उकेरी जा रही हैं। राम मंदिर ट्रस्ट के सहयोगी इंजीनियर गोपाल जी राव ने बताया कि खंभों पर उकेरी जा रही मूर्तियों के लिए केरल के कारीगरों को बुलाया गया है। वर्तमान में 40 कारीगर कर कार्य कर रहे हैं। जल्द ही इनकी संख्या 150 होगी। जिससे इस कार्य को समय पर पूरा किया जा सके।

## अतिवृष्टि से मकान ढहा, वृद्ध दंपति की मौत, नातिन गंभीर घायल

**काशीपुर।** ग्राम मिस्सरवाला में शनिवार देर रात अतिवृष्टि के चलते एक पक्का मकान भरभरा कर ढह गया। मलबे में वृद्ध दंपति और उनकी नातिन दब गए। सूचना पर मौके पर पहुंचे तहसीलदार व प्रभारी निरीक्षक ने



ग्रामीणों की मदद से मलबे में दबे तीनों लोगों को निकालकर सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने वृद्ध दंपति को मृत घोषित कर दिया। नातिन को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिस्सरवाला गांव की नई आबादी में रहने वाले नसीर अहमद (65 वर्ष), उनकी पत्नी मोहम्मदी (62 वर्ष) और नातिन मंतशा (16 वर्ष) रात को खाना खाने के बाद सो गए। साथ में रहने वाला बेटा नासिर अपनी पत्नी समरीन और दो बच्चों को लेकर अपने दिवंगत ससुर के तीजे में पड़ोस के गांव बैलजूड़ी गया था। देर रात करीब ढाई बजे नसीर के मकान की पिछली दीवार गिर गई। यह दीवार मिट्टी की चिनाई से बनी थी। दीवार गिरने से मकान का लिंटर भरभरा कर ढह गया। इससे मकान में सो रहे नसीर, उनकी पत्नी और नातिन मलबे में दब गए। धमाके के साथ लिंटर गिरने की आवाज से ग्रामीण जाग गए। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंचे तहसीलदार यूसुफ अली, कुंडा थाना प्रभारी दिनेश फत्र्याल आदि ने घायलों को मलबे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने वृद्ध दंपति को मृत घोषित कर दिया।

IHMS KOTDWAR
17 Years of Excellence in Education
ESTD. 2006
ISO 9001-2015 Certified
Institute of Hospitality, Management & Sciences
Admissions Open 2023
"Journey Towards Excellence"
AVAILABLE PROGRAMMES
M.B.A. 2 Years
FIRST AICTE APPROVED COLLEGE IN REGION
B.H.M. 4 Years
B.Sc. IT 3 Years
B.B.A. 3 Years
B.C.A. 3 Years
C.H.M. 1 Year
• Attractive Scholarships
• Industrial Tour
• Value Added Courses @ 0% cost
• Internship in Leading Companies
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:Info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

## बोल्डर व मलबा गिरने का दौर जारी, 23 मोटर मार्ग बंद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** रुक–रुक कर हो बारिश से रविवार को जिले के 23 मोटरमार्गों पर यातायात ठप रहा। लगातार हो रही बारिश से बंद मोटरमार्गों पर जगह–जगह बोल्डर व मलबा आने से मोटरमार्गों को खोलने में दिक्कतें हो रही हैं। जिला आपदा कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को जिले के 23 मोटरमार्ग बंद रहे। रविवार को जिले के राज्यमार्ग टिहरी–हिंडोलाखाल–देवप्रयाग–व्यासघाट, कर्णप्रयाग–नौटी, घटटूगाड–बीरोंखाल के साथ मुख्य जिला मार्ग अदवाणी–बहेडाखाल, अन्य जिला मार्ग कोटद्वार–रामणी, ग्रामीण मोटरमार्ग पालीखाल–चमोली, जाखनी–गुडेथ, रांसी क्यूकालेश्वर, उरेगी–अयाल–मोल्ठी–पैडुल, दमदेवल–झलपाड़ी आदि मार्ग बंद रहे।

# निगम दावा कर रहा स्वच्छता का, शहर में नजर नहीं आ रहे कूड़ेदान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार ।** कोटद्वार एक ओर नगर निगम शहर को स्वच्छ बनाने के लिए तरह–तरह के दावे कर रहा है। वहीं, धरातल की स्थिति कुछ और ही बयां कर रही है। हालत यह है कि शहर में कूड़ा डालने के लिए सार्वजनिक

### कूड़ेदान नहीं होने से सड़कों के किनारे लगे हैं गंदगी के ढेर

स्थानों पर कूड़ादान तक नहीं लगाए गए हैं। अधिकांश वार्डवासी अपने घर व प्रतिष्ठानों का कूड़ा सड़क किनारे ही फेंक देते हैं। इससे जहां शहर की सूरत बिगड़ रही है। वहीं, आसपास के परिवारों को संक्रामक बीमारियों का भी खतरा बना रहता है।



कोटद्वार में सड़क किनारे लगे गंदगी के ढेर के आसपास घूमते गोवंश

बेहतर विकास के दावों के साथ वर्ष 2018 में कोटद्वार नगर निगम का गठन किया गया था। लेकिन, गठन के साढ़े चार वर्ष पूर्ण होने के बाद भी नगर निगम व्यवस्थाओं में सुधार नहीं कर पाया है। कूड़ेदान के अभाव में सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। हालत यह है कि कई बार नगर निगम पूरे दिन तक भी यह गंदगी के ढेर साफ नहीं करता। जिससे आसपास दुर्गंध फैली रहती है। शहरवासी राजेंद्र सिंह, रिंकू कुमार ने बताया कि पूर्व में देवी रोड सिताबुपर प्राइमरी स्कूल के समीप एक बड़ा कूड़दान लगा हुआ था। लेकिन, अब पिछले एक वर्ष से कूड़ादान नजर नहीं आ रहा। ऐसे में कई लोग अपने घर व प्रतिष्ठान का कूड़ा सड़क किनारे फेंक देते हैं। यही स्थिति देवी रोड तिराह, नजीबाबाद रोड, तड़ियाल चौक, पदमपुर, मानपुर क्षेत्र में भी बनी हुई है।

### गंदगी से पटी नालियां

शहर की अधिकांश नालियां गंदगी से पट चुकी हैं। दरअसल, कई लोग घरों की गंदगी को नाली में डाल देते हैं। पालीथिन व अन्य गंदगी से पटी यह नालियां बरसात के समय जलभराव का मुख्य कारण बनती है। वहीं, बरसात का समय सिर पर है और अब तक नगर निगम ने इन नालियों की सफाई का कार्य शुरू नहीं किया।

# ऑटो की बैटरी व नगदी हुई गायब

## शहर में नहीं थम रही चोरी की घटनाएं



**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** शहर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही। शनिवार रात चोरों ने कौड़िया क्षेत्र में खड़े एक ऑटो की बैटरी के साथ ही ऑटो के गल्ले में रखी नगदी पर हाथ साफ कर दिया।

कौड़िया निवासी आटो चालक ने बताया कि शनिवार रात उन्होंने अपने घर के समीप

### बैटरी चोरी के बाद ऑटो में मिला चाकू

आटो खड़ा किया हुआ था। सुबह जब वह अपने आटो में पहुंचे तो उन्होंने देखा कि आटो का गल्ला टूटा हुआ है और उसके अंदर रखे तीन सौ रुपये गायब थे। बताया कि आटो की ड्राइवर सीट के समीप एक बड़ा सा चाकू भी पड़ हुआ था। बताया कि जब उन्होंने आटो का इंजन आन करने का प्रयास किया तो आटो की बैटरी भी गायब मिली। इससे पूर्व, बीते दिनों चोरों ने बालासौड़ स्थित एक दुकान से नकदी भी गायब कर दी थी। साथ ही कौड़ि़या में सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर को भी बदमाशों ने गायब कर दिया था। वहीं, दो दिन पूर्व कौड़िया क्षेत्र से एक ट्रैक्टर भी चोरी हुआ था।

# शांति पूर्वक संपन्न हुई एसएससी की परीक्षा, 345 अभ्यर्थी हुए शामिल

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (एसएससी) की स्नातक स्तरीय परीक्षा के लिए कोटद्वार में पांच सेंटर बनाए गए थे। जिसमें रविवार को शांति पूर्वक परीक्षाएं संपन्न हुई। पांच परीक्षा केंद्रों में पंजीकृत 1224 अभ्यर्थियों में से 345 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए।

गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (एसएससी) की स्नातक स्तरीय लिखित परीक्षा के लिए पांच केंद्र बनाए गए थे। जिनमें भगवंत ग्लोबल विश्वविद्यालय, आर्य कन्या इंटर कालेज, राजकीय इंटर कालेज सुखरो, राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार व राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शामिल थे। उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि इन पांच परीक्षा केंद्रों में 1224 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। लेकिन, परीक्षा में मात्र 345 परीक्षार्थी ही शामिल हुए। जबकि 879 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बताया कि परीक्षाओं को शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए केंद्र में पुलिस व प्रशासन की टीम तैनात की गई थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणीभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षार्थियों की प्रवेश द्वार पर तलाशी ली गई। इसके बाद ही उन्हें परीक्षा कक्षा में जाने की इजाजत दी गई।



एसएससी की स्नातक स्तरीय लिखित परीक्षा से पूर्व तलाशी देते अभ्यार्थी

## नायब तहसीलदारों को सौंपा तहसीलदार का अतिरिक्त प्रभार

**पौड़ीः** डीएम ने जिले के तीन नायब तहसीलदारों को तहसीलदार के पदों का अतिरिक्त प्रभार दिया है। कुछ तहसीलों में तहसीलदार नहीं होने से लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। तहसीलों में तहसीलदार नहीं होने से लोगो के प्रमाणपत्र नहीं बन पा रहे थे। लोगों को आए दिन तहसील के चक्कर लगाने पड़ रहे थे। अब डीएम डॉ.आशीष चौहान ने आदेश जारी करते हुए कहा कि धुमाकोट के नायब तहसीलदार विकास अवस्थी को रिखणीखाल व लैंसडौन का अतिरिक्त प्रभार दिया है। इसके साथ ही सतपुली की नायब तहसीलदार सुधा डोभाल को कोटद्वार, यमकेश्वर, जाखणीखाल और श्रीनगर के नायब तहसीलदार हरीश जोशी को पौड़ी व चौबटटाखाल के तहसीलदार का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। कहा कि तहसीलदारों की नियुक्ति होने तक ये सभी इन तहसीलों की जिम्मेदारी संभालेंगे।

# टमाटर के लिए लगी लंबी लाइन, बेरंग लौटे लोग



कोटद्वार कृषि मंडी में टमाटर खरीदने के लिए लगी लाइन ।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** टमाटर के बढ़ते दामों के बीच लोगों को राह दिलाने के लिए रविवार को कृषि मंडी में सस्ते टमाटर के काउंटर लगाए गए। टमाटर खरीदने के लिए सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। वहीं, अधिकांश लोगों को टमाटर नहीं मिलने से उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा।

रविवार को कृषि मंडी समिति में सुबह नौ बजे से सस्ते टमाटर उपलब्ध करवाए जाने थे। इसके लिए सुबह सात बजे से ही लोग लाइन पर खड़े होने लगे थे। टमाटर खरीदने पहुंचे उमेश कुमार ने बताया कि कृषि मंडी में पचास से सत्तर रुपये किलो के टमाटर मिल रहे थे। एक व्यक्ति को केवल दो किलो टमाटर ही उपलब्ध करवाए जा रहे थे। दोपहर तक टमाटर का स्टाक खत्म हो गया था। जिससे लाइन में लगे अधिकांश लोगों को टमाटर उपलब्ध नहीं हो पाया। लोगों का कहना था कि सस्ते टमाटर उपलब्ध करवाने से पहले समिति को पर्याप्त स्टाक मंगवाना चाहिए था।

## पीएचडी की अनिवार्यता समाप्त करने का स्वागत

**कोटद्वारः** बीएड प्रशिक्षित युवा संघ ने असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिये पीएचडी की डिग्री की अनिवार्यता समाप्त करने पर देश के शिक्षा मंत्री व यूजीसी का आभार व्यक्त करते हुए इस फैसले का स्वागत किया है।संघ की बैठक में प्रवक्ता अरविन्द दुदपुड़ी ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों में बड़ी संख्या में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद रिक्त चल रहे हैं। अब पीएचडी की अनिवार्यता समाप्त होने से राज्य के नेट सेट पास युवा इन पदों पर आवेदन कर सकते हैं। कहा कि राज्य में विगत छह वर्षों से राज्य पात्रता परीक्षा यू सेट का आयोजन नही हो पाया है और राज्य के युवा इस परीक्षा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं ताकि उन्हें भी राज्य के विश्वविद्यालयों और राजकीय डिग्री कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर बनने का अवसर प्राप्त हो सके। बैठक की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष डॉ. अजय खंतवाल व संचालन स्वाती कंडवाल ने किया। बैठक में संजना, पूनम अधिकारी, नीरज कुमार, प्रदीप सिहं, नवीन गौड़, शिवानी, अर्चना, शुभम नेगी,संध्या, विकास शाह,आयशा और रुचि नेगी आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने एक को गिरफ्तार किया

चमोली। चोटिल लोगों की आड़ में अवैध तौर पर कीड़ा जड़ी की तस्करी कर रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने धनराशि के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक ग्रे कलर की कार में कुछ व्यक्ति बैठे हैं। जिनमें से दो तीन चोटिल अवस्था में बैठे हैं और चमोली की तरफ जा रहे हैं, उनमें से किसी के पास अवैध कीड़ा जड़ी हो सकती है, चोटिल और घायल व्यक्तियों की आड़ में कीड़ा जड़ी सप्लाई कार सकते हैं। इस सूचना पर हेलंग बाजार में पुल के पास एसओजी चमोली की टीम के साथ संयुक्त चेकिंग अभियान चलाकर कार को रोककर उसमे बैठे चारों व्यक्तियों की तलाशी ली। तो प्रदीप और नरेंद्र उपरोक्त चोटिल अवस्था में पाए गए। जिनसे तलाशी में कोई अवैध वस्तु बरामद नहीं हुई। जिनको पूछताछ के बाद एवं काफी चोटिल होने के कारण उपचार हेतु भेजा गया। चौथे व्यक्ति गगनबीर के पास से दो पैकट में रखी 250 ग्राम अवैध कीड़ा जड़ी (यारसा गम्बू )बरामद हुई। साथ ही कार में रखा इलेक्ट्रिक तराजू और 2000 रुपये नगद बरामद हुए। पुलिस ने अवैध रूप से कीड़ा जड़ी ले जा रहे गगनबीर को कीड़ा जड़ी सहित गिरफ्तार कर कोतवाली जोशीमठ लाकर अभियोग पंजीकृत किया। मामले मे अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। आरोपी गगनबीर पुत्र कर्मबीर निवासी मकान नंबर 21 एल मोहित विहार जीएमएस रोड कांवली थाना बसंत बिहार देहरादून हाल द्रोणा बॉयज हॉस्टल राजा रोड थाना सेलाकुई देहरादून है। आरोपी की उम्र 43 साल है।

## 300 मीटर गहरी खाई से शव निकाला

चमोली। पुलिस को खेता मानमती में गहरी खाई में एक व्यक्ति के शव मिलने की सूचना मिली। थराली के पुलिस प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र रावत आपदा उपकरणों और पुलिस बल के साथ घटनास्थल ग्राम खेता मानमती पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से सड़क से करीब पांच किलोमीटर की दूरी पर चट्टान में करीब 300 मीटर खाई में गिरे शव को निकाला। शव की शिनाख्त कुशाल राम निवासी ग्राम खेता मानमती उम्र करीब 40 वर्ष के रूप में हुई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली इस जानकारी के अनुसार मृतक के परिजनों ने बताया गया कि कुशाल राम 5 जुलाई की शाम को गांव से करीब 3 किलोमीटर की दूरी पर चट्टान से पत्थर निकालने गया था। किंतु वापस नहीं आया।

## रोटरी क्लब के नव नियुक्त पदाधिकारियों ने ली शपथ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** रोटरी क्लब की ओर से आयोजित अधिष्ठापन समारोह मानवता की सेवा के संकल्प के साथ सम्पन्न हो गया है। इस अवसर पर रोटरी मण्डल 3100 के मण्डलाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने वर्ष 2023–2024 के लिए नवनियुक्त अध्यक्ष कुलदीप अग्रवाल, सचिव प्रतिभा गुप्ता व उनकी कार्यकारिणी को शपथ दिलाकर पद भार ग्रहण कराया साथ ही क्लब के चार्टर व 40 वर्ष से अधिक उम्र के 5 सदस्यों को सम्मानित किया गया व क्लब की पत्रिका मालिनी के 44वें वर्ष के पहले अंक का विमोचन किया गया।

रोटरी भवन में आयोजित समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि अशोक गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने माता–पिता का सम्मान करना चाहिए, कोई बीमार व बुजुर्ग जो तकलीफ में है, उसकी सहायता करनी चाहिए। साथ ही पर्यावरण संरक्षण पर भी ध्यान देना चाहिए। इस दौरान निवर्तमान सचिव ऋषि ऐरन ने पिछले वर्ष किए गए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम में मनीष अग्रवाल ,अनीत चावला, शरत चन्द गुप्ता, अनिल भोला, कमल गुप्ता, डा. के. एस. नेगी, भुवनेश कुंज, गोपाल बंसल, वाई पी गिलरा, डी पी सिंह, संजीव अग्रवाल, दिनेश रस्तोगी, अमित अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, ज्योति स्वरूप उपाध्याय, बीना रावत, राजेश गुप्ता, प्रवीण गोयल और नरेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# ग्राम रौतेला में भारी बारिश से मकान क्षतिग्रस्त

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार/सतपुलीः** विकास खंड कल्जीखाल के ग्राम सभा बदखोलू के रौतेला गांव में भारी बारिश के दौरान एक आवासीय भवन क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ित परिवार से शासन से उन्हें मदद उपलब्ध करवाने की मांग की है।

रौतेला गांव में लगातार बारिश हो रही थी। सुबह छह बजे अचानक गांव में महिपाल सिंह सिंह का मकान क्षतिग्रस्त हो गया।

जनीमत यह रही की घर की महिलाएं रसोई में काम कर रही थी। जबकि, वह और उसका भाई काम से बाहर गए हुए थे। जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया। पीड़ित महिपाल ने बताया कि वह अपने छोटे भाई महेंद्र सिंह के साथ घर में रहते हैं। भवन एक हिस्सा टूटने से परिवार में दहशत बनी हुई है। उन्होंने घटना की जानकारी ग्राम प्रधान व प्रशासन को दे दी है।



रौतेला गांव में क्षतिग्रस्त हुआ मकान

## गुड्डू चौहान बने प्रदेश महासचिव

**कोटद्वारः** किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह ने कोटद्वार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुड्डू चौहान को किसान कांग्रेस कमेटी का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। गुड्डू सिंह चौहान पहले भी पार्टी में कई पदों पर रह चुके हैं। प्रदेश अध्यक्ष की ओर से भेजे गए नियुक्ति पत्र में उनसे पार्टी को मजबूती प्रदान करने की अपील की गई है।

## चमोली जिले में कांग्रेस की नई कार्यकारिणी गठित

चमोली। कांग्रेस ने चमोली जिले में पार्टी संगठन की दृष्टि से 99 कार्यकर्ताओं की कार्यकारिणी बनाई है। जिसमें 23 उपाध्यक्ष, 38 सचिव, 5 कार्यकारिणी महा सचिव, 19 महामंत्री, 7 प्रवक्ता, 5 सोसल मीडिया प्रभारी और एक कार्यकर्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया है । यह जानकारी देते हुए चमोली जिला कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और कांग्रेस जिला मुख्यालय प्रभारी आनन्द सिंह पंवार ने दी। बताया कि कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी के निर्देश पर नवगठित जिला कांग्रेस कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनन्द सिंह पंवार ने बताया नवगठित कार्यकारिणी में जनपद के सभी क्षेत्रों, वर्गों का समानुपातिक दृष्टिकोण से सम्यता रखी गई है। जिसमें सभी ब्लाक/नगर ईकाइयों के अनुमोदन और वरिष्ठ नेतागणों की सहमति से युवा, अनुजाति, जनजाति, महिला आदि वर्गों को कार्यकारिणी में स्थान दिया गया है। कार्यकारिणी मेन जिले के विधायक, पूर्व विधायक, ज़िला पंचायत अध्यक्ष, नगर पंचायत/पालिका अध्यक्षगण, ब्लाक प्रमुखगण, जिला पंचायत सदस्यगण, पीसीसी सदस्यगण, अनुषंगी संगठनों के समस्त जिलाध्यक्षगण सहित वरिष्ठ नेतागणों को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है।

# गुलदार की दहशत बरकरार, स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र हुए बंद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** पौड़ी के चंदोला रांई गांव में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय, राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय के साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र में दस जुलाई को अवकाश घोषित कर दिया है। कुछ दिन पूर्व गुलदार ने यहां पर एक चार वर्षीय बच्ची पर हमला कर घायल कर दिया था। जिसका जिला चिकित्सालय में उपचार किया गया।



इस मामले में स्कूल के शिक्षकों द्वारा राजस्व उप निरीक्षक नान्दलस्यूं एवं खंड शिक्षा अधिकारी पौड़ी को बताया गया कि इन दिनों बरसात के मौसम में घने कोहरे के कारण छात्र–छात्राओं के स्कूल आते समय गुलदार का भय बना हुआ है। ऐसी स्थिति बच्चों के अभिभावक उन्हें स्कूल छोड़ने जा रहे हैं।राजस्व उप निरीक्षक नान्दलस्यूं व खंड शिक्षा अधिकारी पौड़ी द्वारा इस संबंध में बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए संयुक्त आख्या उप जिलाधिकारी को सौंपी गई। अब उप जिलाधिकारी के अनुरोध पर डीएम डा. आशीष चौहान ने दस जुलाई को चंदोला रांई गांव में स्थित राजकीय प्राथमिक स्कूल, राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक स्कूल के साथ आंगनबाड़ी केंद्र में अवकाश घोषित कर दिया है।

## वन संरक्षक ने गुलदार प्रभावित क्षेत्रों का लिया जायजा

पौड़ी शहर के गुलदार प्रभावित क्षेत्रों का वन संरक्षक गढ़वाल पंकज कुमार ने जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने वन विभाग की टीम को गुलदार प्रभावित क्षेत्रों में लगातार गश्त करने के साथ ही लोगों को सतर्क करने के निर्देश दिए। कहा कि गुलदार से लोगों की सुरक्षा के हरसंभव कदम उठाए। शहर में इन दिनों शिक्षा विभाग के पास शिवकुटी, गडोली, चंदोला राई में गुलदार की दहशत बनी है। शिक्षा विभाग के पास शिवकुटी मोहल्ले में एक साथ दो गुलदार दिखाए दिए थे। जिस पर वन विभाग ने यहां पर गश्त बढ़ाने के साथ ही पिंजरा भी लगा दिया है।

# अंकिता केस की जांच रिपोर्ट शासन को भेजी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** अंकिता के परिजनों द्वारा विशेष लोक अभियोजक को हटाने की मांग को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने मामले की जांच कर आख्या शासन को भेज दी है।

अंकिता के परिजनों ने धरना देते हुए अगली सुनवाई से पहले इस केस से विशेष लोक अभियोजक को हटाने की मांग डीएम से की थी। अंकिता के परिजन पिछले लंबे समय से विशेष लोक अभियोजक को हटाने की मांग कर रहे हैं। इसको लेकर बीते दिनों कांग्रेस नेता मनीष खंडूड़ी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने डीएम कार्यालय के बाहर 24 घंटे तक सांकेतिक धरना भी दिया था। इस धरने में अंकिता की मा सोनी देवी व पिता वीरेंद्र भंडारी ने भी हिस्सा लिया था।

अंकिता की मां व पिता ने जल्द ही इस केस से विशेष लोक अभियोजक को हटाने की मांग की थी। कहा था कि इस केस की अगली सुनवाई से पहले विशेष लोक अभियोजक को नहीं हटाए जाने पर वे धरने पर बैठने को मजबूर होंगे। वहीं, कांग्रेस ने भी विशेष लोक अभियोजक को इस केस से नहीं हटाए जाने पर पूरे पद्रेश में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी थी। डीएम डा.आशीष चौहान ने बताया कि अंकिता के परिजनों की अपील पर इस मामले की जांच कर आख्या शासन को भेज दी गई है। बताया कि इस संबंध में सीएम पुष्कर सिंह धामी जल्द ही उचित निर्णय लेंगे।

# स्थापना दिवस पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने किया योग प्रतियोगिता का आयोजन



अल्मोड़ा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस (राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस) के उपलक्ष्य में रविवार 09 जुलाई को अल्मोड़ा इकाई द्वारा योग निलियम संस्थान में योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राम कृष्ण कुटीर के अध्यक्ष स्वामी ध्रुवेशानंद महाराज उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि आज के छात्र का शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होना जरूरी तो है ही लेकिन आज के युवा को आध्यात्म का ज्ञान भी होना जरूरी है और छात्र जीवन में हमें अनुशासन को अपनाना चाहिए।

प्रांत उपाध्यक्ष अभाविप डॉक्टर बलवंत कुमार ने बताया कि अभाविप अपने 75 वर्ष में प्रवेश कर चुकी है और विद्यार्थी परिषद अपने इन 75 वर्षों में उनका क्या इतिहास रहा है व किन संघर्षों के साथ विद्यार्थी परिषद ने छात्र–छात्राओं के मध्य कार्य किया है इन सभी विषयों पर उन्होंने अपना वक्तव्य दिया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में योगनिलियम संस्थान के संस्थापक डॉ प्रेम प्रकाश पांडे उपस्थित रहे व प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर जिला संयोजक अभाविप राहुल कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया व कार्यक्रम का संचालन जिला सह संयोजक दिव्या जोशी ने किया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय छात्रा प्रमुख काजल थापा, विभाग संगठन मंत्री शिवम पांडे, प्रांत सह मंत्री दीपक उप्रेती, नीरज बिष्ट, साहिल नेगी, मनमोहन गैड़ा, हिमांशु परगई आदि उपस्थित रहे।

## चार भाषाओं में प्रकाशित होगी ललित शौर्य की पुस्तक बाल तरंग

पिथौरागढ़। सीमांत के युवा बाल साहित्यकार ललित शौर्य की 12वीं पुस्तक बाल तरंग चार भाषाओं में प्रकाशित होगी। रविवार को शौर्य ने बताया कि नई शिक्षा पद्धति को ध्यान में रखते हुए उन्होंने हिंदी, अंग्रेजी के साथ–साथ लोक भाषाओं कुमाउनी और गढ़वाली में बाल साहित्य की पुस्तकें अनुदित करना उनकी प्राथमिकता है। कहा कि बाल तरंग जल्द ही प्रकाशित होगी। इसमें 11 बाल कविताएं संकलित हैं। कविताएं हिंदी, अंग्रेजी, कुमाउनी और गढ़वाली में होंगी। कविताओं का अंग्रेजी में अनुवाद कानपुर निवासी अभिषेक अवस्थी ने किया है। गढ़वाली में डॉ. के. रानी ने और कुमाउनी में डां. पवनेश ठकुराठी ने कविताओं का अनुवाद किया है। शौर्य का मोबाईल नहीं, पुस्तक दो अभियान भी जारी है। विभिन्न माध्यमों से अब तक उन्होंने 20 हजार से अधिक बाल पुस्तकें बच्चों को उपलब्ध कराई हैं।



## निदेशक के माध्मय से भेजा कुलपति को ज्ञापन

बागेश्वर। एनएसयूआई कार्यकर्ताओ ने छात्रसंघ उपाध्यक्ष दीपांशु भट्ट के नेतृत्व में शनिवार को बागेश्वर कैंपस की नवनियुक्त निदेशक डॉ. दीपा कुमारी के माध्यम से सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के कुलपति को भेजा ज्ञापन। उन्होंने कहा एसएसजे विश्वविद्यालय एक सेमेस्टर पीछे चल रहा है। वहीं, अन्य विवि छठे, चौथे, दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। कहा एसएसजे विश्वविद्यालय प्रथम, तृतीय और पंचम सेमेस्टर के प्रवेश तक नहीं करा पाया है। इस दौरान उन्होंने नवनियुक्त निदेशक डॉ. दीपा कुमारी का स्वागत भी किया। यहां विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पंकज कुमार, कुणाल डयाराकोटी, राहुल कुमार, संजय कुमार, विनोद, विक्रम, जितेंद्र, विजय, दीपक रहे।

# 40 करोड़ खर्चने के बाद भी पानी की बूंद बूंद को तरसी जनता

अल्मोड़ा। सरकार विकास के प्रति कितनी प्रयासरत है अथवा सरकारी तंत्र कितना फेल है ये तो जनता के लिए हो रहे काम बता रहे हैं। जनपद अल्मोड़ा के विकासखंड धौलादेवी क्षेत्र में 40 करोड़ की लागत से बनी सरयू बेलक पंपिंग योजना जिसे क्षेत्र की सबसे बड़ी योजना भी कहा जाता है। इतनी बड़ी योजना क्षेत्र में होने के बावजूद भी क्षेत्र की हजारों की आबादी और 120 से भी अधिक गांव पिछले 2 सप्ताह से वर्षा काल में पानी की बूंद बूंद के लिए तरस रहे हैं। विभाग दो सप्ताह बाद भी व्यवस्था को सुचारू नहीं कर पाया है। क्षेत्र के कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा इस समस्याओं को मुख्यमंत्री कार्यालय व पोर्टल में भी डाला किंतु समस्या जस की तस बनी हुई है। क्षेत्र के लोगों द्वारा इस समस्या के संबंध में एक शिकायती पत्र केंद्रीय पेयजल मंत्रालय को भेजने पर विचार किया जा रहा है। अब देखना ये है कि आखिर कब तक सरकार जनता को पानी के लिए भी तरसाती रहेगी? बिल तो समय से लिया जाता है परन्तु सुविधाएं मुहैया कराते समय विभाग का रवैया काफी उदासीन दिखाई देता है। पानी की समस्या पर दीपक जोशी अपर सहायक अभियंता अल्मोड़ा जल निगम का कहना है कि बरसात के कारण नदी में मालवा आ गया है जिस कारण हम पानी को सुचारू नहीं कर पा रहे है, जैसे ही पानी का बहाव कम होगा इसको दुरुस्त कर दिया जाएगा।

## मंडी से आज नहीं मिलेंगे सस्ते टमाटर

रुद्रपुर। मंडी समिति ने बाजार में बढ़ते टमाटर के दामों को देखते हुए रविवार को स्टॉल लगाकर कम दामों पर टमाटर बेचे। सोमवार को मंडी का अवकाश होने के कारण लोगों को सस्ते टमाटर नहीं मिल सकेंगे। मंडी निदेशालय ने पूरे प्रदेश में मंडी समिति के अंदर टमाटर की कम दामों पर बिक्री करने का निर्णय लिया था। शनिवार को मंडी समिति बगवाड़ा में स्टॉल लगाकर 120 लोगों को टमाटर बेचे गए।

## महिला से मारपीट के आरोप में केस दर्ज

रुद्रपुर। दहेज की खातिर महिला से मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने ससुराल पक्ष के कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिस्कीन उर्फ आलिया पुत्री नसरूद्दीन निवासी नई बस्ती किच्छा ने पुलभट्टा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह दोनों पैरो से विकलांग है। उसका निकाह 21 मई 2022 को आबिद पुत्र शफीक अहमद निवासी ग्राम कठरी ढाल देवरनिया बहेड़ी के साथ हुआ था। आरोप है कि सास किसवर, ससुर शफीक अहमद, देवर नदीम, बहनोई अफसार, पति के मामा मो. अहमद, ममेरा भाई मो. इमरान व ननद आस्ता बी दहेज की खातिर उससे मारपीट करने लगे। 23 मई 2023 को आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और तीन चार दिन तक भूखा प्यासा रखा।

# गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने को लेकर मंथन

बागेश्वर। कंट्रीवाइड पब्लिक स्कूल कपकोट के विद्यालय भवन में अभिभावक अध्यापक सभा का आयोजन किया गया। इस बैठक में छात्र–छात्राओं के शिक्षण संबंधी विषय पर चर्चा की गई। उनके शैक्षणिक विकास पर विशेष ध्यान देते हुए छात्रों को भविष्य के जीवन के लिए तैयार करने पर मंथन हुआ।

साथ ही समज में व्याप्त नशे से कैसे छात्रों को दूर रखा जाए इस विषय पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर कंट्रीवाइड चैरिटेबल एंड एज्यूकेशन सोसायटी के सचिव नंदा बल्लभ भट्ट, अभिभावक अध्यापक समिति के अध्यक्ष महेश गढ़िया, विद्यालय की प्रधानाचार्या मोहिनी पांडे ने अपने विचार रखे। इस बैठक में समस्त



अभिभावकों के साथ–साथ विद्यालय के अध्यापक रश्मि माटेला, दीपा खाती, विनोद कपकोटी, कुंदन गड़िया, दीप तिवारी, नेहा खेतवाल, अजय राम, प्रियंका धामी, चंदन रहे।

# डॉ. हेम चंद्र पांडेय बने एलएसएम महाविद्यालय के निदेशक



पिथौरागढ़। एसएसजे विवि से संबद्ध एलएसएम महाविद्यालय में पहले निदेशक के रुप में डॉ. हेम चंद्र पाण्डेय की तैनाती कर दी गई है।

कैंपस घोषित होने के बाद इतिहास विभाग में प्राध्यापक डॉ. हेम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। रविवार को नवनियुक्त निदेशक ने कहा कि परिसर में डीन, प्रॉक्टर बोर्ड, अनुशासक मंडल, परिसर में रिक्त पदों का भरना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगा।

महाविद्यालय में रोजगारपरक कोर्सों के संचालन के लिए भी पूरा प्रयास किया जाएगा जिससे युवाओं को महाविद्यालय की शिक्षा के बाद रोजगार व स्वरोजगार अपनाने में सहायता हो। निदेशक बनने पर प्राचार्य प्रो.पुष्कर सिंह बिष्ट, प्रो.प्रेमलता पंत, प्रो.सरोज वर्मा सहित अन्य शिक्षकों ने खुशी जताई है।

## नया अध्यादेश के खिलाफ कर्मचारियों में रोष

बागेश्वर। लोक निर्माण विभाग वर्कचार्ज कर्मचारी संघ जिला इकाई की यहां बैठक में संगठन की मजबूती पर बल दिया। वक्ताओं ने प्रदेश सरकार के नये अध्यादेश लाने पर रोष जताया। जल्द वापस नहीं लेने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। वक्ताओं ने कर्मचारियों द्वारा पूर्व की भांति वर्कचार्ज की सेवा को जोड़ते हुए पेंशन का लाभ दिए जाने की मांग की।

## धूमधाम से मनाया 75वां स्थापना दिवस

बागेश्वर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने 75 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस दौरान उन्होंने मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान को संघर्ष करने का निर्णय लिया। रविवार का जिला संयोजक आशीष कुमार ने कहा छात्र शक्ति का राष्ट्र निर्माण में बड़ा योगदान है। उन्होंने छात्रों हितों के साथ समाज के लिए भी सदैव अग्रणी रहने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने राधाकृष्ण मंदिर पर स्वच्छता अभियान चलाया।

# किच्छा में झूला बना बालिका के गले में मौत का फंदा

रुद्रपुर। घर में झूला झूलते हुए बालिका के गले में झूले का फंदा लग गया। बालिका अचेत हो गयी। आनन–फानन परिजन उसे सीएचसी लेकर दौड़े। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चंदन पुत्र जोखू निवासी देवरिया भूड़ा मजदूरी करता है। उसके तीन बच्चे हैं। चंदन ने सावन के महीने में बच्चों की खुशी के लिए अपने घर के बरामदे में साड़ी का झूला बना रखा है। रविवार सुबह चंदन मजूदरी करने घर से निकल गया, जबकि उसकी पत्नी सुनीता अंदर वाले कमरे में अपने छोटे बच्चे को दूघ पिलाने लगी। चंदन की सबसे बड़ी पुत्री खुशी (12 वर्ष) बरामदे में अकेली रह गयी और झूला झूलने लगी। इस दौरान उसके गले में साड़ी के झूले का फंदा लग गया। सुनीता ने जब बाहर आकर देखा तो खुशी अचेत अवस्था में थी। सुनीता ने चंदन के भाई के पुत्र रितेश को आवाज लगा कर बुलाया। इसके बाद रितेश और अन्य परिजन खुशी को सीएचसी लेकर आए। यहां चिकित्सकों ने खुशी को मृत घोषित कर दिया। बालिका की मौत से घर में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## स्व. सरदार कौर की बरसी पर किया विशाल भंडारे का आयोजन

रुद्रपुर। स्व. सरदार कौर की बरसी पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। लोगों ने स्व. कौर को श्रद्धांजलि अर्पित की। रविवार को आवास विकास स्थित चक्रधारी धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में नगरवासियों ने स्व. सरदार कौर को श्रद्धांजलि दी।

# ब्लैक मेल कर दुष्कर्म करने के आरोपी पर केस दर्ज

रुद्रपुर। नगर की एक युवती ने एक युवक पर ब्लैक मेल कर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। खटीमा के एक वार्ड की युवती ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि आरोपी उसका रिश्तेदार है। इसके चलते उसका घर पर आना जाना था। इसक लाभ उठाकर आरोपी उससे फोन पर बात करता था। एक दिन आरोपी ने फोन कर उसे नगर के एक होटल में बुलाया और उसने जो उसके साथ पहले फोटो लिए हुए थे। उसे दिखाकर ब्लैकमेल करने लगा। आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती संबंध बनाए और वीडियो बना ली। यह घटना मार्च 2020 की है। इसके बाद से आरोपी उससे कहता रहा कि अगर उसके साथ शादी नहीं करेगी तो वीडियो वायरल कर दूंगा। जब उसका रिश्ता कहीं और तय हो रहा था तो उसने खींची गई अश्लील फोटो विभिन्न मोबाइल नंबरों पर वायरल कर उसका रिश्ता तुड़वा दिया। इसके बाद वह फोन कर उसके परिवार को गाली–गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। उसे अब पता चला कि शाहिद अली शादी शुदा है और उसके तीन बच्चे भी हैं। इधर पुलिस ने इस मामले में गांव धमीपुर थाना बहेड़ी(यूपी) निवासी शाहिद अली के खिलाफ आईपीसी के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीओ वीर सिंह ने बताया कि मामले की जांच एसआई रूबी मौर्य को सौंपी है।

## निशुल्क साप्ताहिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया

बागेश्वर। संवाद बहुउद्देशीय स्वायत्त सहकारिता और वैलफेयर सोसाइटी ने पिंडारी रोड स्थित कार्यालय पर निशुल्क साप्ताहिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। जिसमें रोगियों की जांच की गई और उन्हें दवाइयां वितरित की गईं। रविवार को आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. एंजल पटेल ने रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। रोगियों को तनाव मुक्त जीवन जीने के गुर सीखाए। शिविर में अधिकांश मरीज अनियमित खानपान के कारण पेट की समस्याओं से पीड़ित पाए गए। पटेल ने लोगों को खानपान में ध्यान देने के साथ ही मौसम के अनुसार बदलाव पर ध्यान देने को कहा। बताया अधिक तनाव से दिल की बीमारी हो सकती है। कहा वर्षाकाल में जल जनित रोग अधिक होते हैं।

## 22 केंद्रों में 754 अभ्यर्थी पंजीकृत

काशीपुर। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित स्नातक स्तरीय लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

एसडीएम अभय प्रताप सिंह और परीक्षा नोडल अधिकारी तहसीलदार युसूफ अली ने बताया कि रविवार को उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की स्नातक स्तरीय लिखित परीक्षा अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज, रजा इंटर कॉलेज महुआखेड़ा गंज, जीआईसी जोशी मझरा, अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापपुर, राधेहरि पीजी कॉलेज समेत 22 केंद्रो पर शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुई। सभी केंद्रों पर कुल 754 अभ्यर्थी पंजीकृत थे।

# शांतिपूर्वक संपन्न हुई परीक्षा, पुलिस बल रहा मुस्तैद

अल्मोड़ा। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की रविवार को हुई स्नातक स्तरीय परीक्षा (विभिन्न विभाग) के आयोजन के लिए जनपद में 36 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनमे 8520 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। मुख्य शिक्षा अधिकारी हेमलता भट्ट ने बताया कि इस परीक्षा में 3412 परीक्षार्थी शामिल हुए एवं 5108 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा शांतिपूर्वक निपटाने को लेकर परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल अलर्ट मोड पर रही। सभी परीक्षा केन्द्रों पर अल्मोड़ा पुलिस द्वारा परीक्षार्थियों की सघन चेकिंग की गई। रामचन्द्र राजगुरु एसएसपी अल्मोड़ा द्वारा रविवार को उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न



कराने हेतु जनपद के सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। परीक्षा ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस बल को ड्यूटी के दौरान अलर्ट मोड में रहने की सख्त हिदायत दी गई थी। परीक्षा केंद्रों पर सभी परीक्षार्थियों की चेकिंग की गई। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फ़ोन, ब्लूटूथ डिवाइस, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने की मनाही थी। परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे और अन्य कैमरों से भी नजर रखी जा रही थी और सभी परीक्षा केंद्रों पर धारा 144 का पालन कराया गया।

# कांवड़ यात्रा के लिए आधार नबंर के साथ करना होगा रजिस्ट्रेशन



बागेश्वर। भगवान शिव के लिए जलाभिषेक के लिए कांवड़ जल यात्रा की तैयारी शुरू हो गई है। कमेटी की बैठक में यात्रा भव्य बनाने के लिए चर्चा की गई। कहा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को आधार नंबर से रजिस्ट्रेशन करना जरूरी होगा।

रविवार को शिव मंदिर परिसर में डॉ. भूपाल सिंह कपकोटी की अध्यक्षता में बैठक हुई। उन्होंने कहा इस बार यात्रा में शामिल कांवड़ियों को रजिस्ट्रेशन के लिए निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। शुल्क सामाजिक कार्यकर्ता नवीन सिंह कपकोटी के पास जमा होगा। यात्रा ढोल–नगाड़े के साथ निकलेगी। पुरोहितों द्वारा पंचांग गणना के अनुसार यात्रा प्रस्थान की तिथि निकाली जाएगी। इसके बाद बैठक होगी। इसमें जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक, नगर पंचायत अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, सभासद, ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य, व्यापार मंडल भराड़ी, कपकोट के पदाधिकारी और अन्य संगठनों से जुड़े लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। उसी दिन कमेटी का पुनर्गठन और यात्रा रूट तैयार किया जाएगा। पहले दिन 14 कांवड़ियों ने यात्रा में शामिल होने की हामी भरी और 11 हजार रुपये देकर रजिस्ट्रेशन कराया। यहां पूर्व ग्राम प्रधान गणेश चंद्र उपाध्याय, पूर्व सभासद गिरीश चंद्र जोशी, नवीन चंद्र, नवीन जोशी, हरीश ऐठानी, ललित कपकोटी, ललित शाही, रघुवीर बिष्ट, कमल कपकोटी, पवन कपकोटी, राम जी त्रिपाठी और हेम चंद्र जोशी रहे।

## एयरपोर्ट में जॉब लगवाने के नाम पर 2.72 लाख की ऑनलाइन ठगी

काशीपुर। एयरपोर्ट पर जॉब लगवाने के नाम पर ऑनलाइन ठगों ने एक युवक से 2.72 लाख रूपये की ऑनलाइन ठगी कर डाली। पीड़ित युवक ने ठगों के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला नई बस्ती निवासी मो. तहसीन पुत्र मो. अलाउद्दीन ने बताया कि गत 17 जनवरी को उसके इंस्टाग्राम एकाउंट पर एयरपोर्ट में जॉब संबंधी एक पोस्ट पर उसने अपना मोबाइल नंबर डाल दिया। एक घंटे बाद मोबाइल पर विवेक नामक व्यक्ति की कॉल आई।

# एक्ट के दायरे से बाहर हो 50 बेड तक के अस्पताल: आईएमए

काशीपुर। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने 50 बिस्तरों तक वाले अस्पतालों को क्लीनिकल स्टेब्लिशमेंट एक्ट के दायरे से बाहर करने की मांग की है। कहा कि राज्य की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए छोटे और मंझले अस्पतालों को ईटीपी व एसटीपी के मानकों में कुछ राहत दी जाए।

आईएमए ने रजिस्ट्रेशन शुल्क कम करने के लिए सीएम पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है। आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर जोशी व पूर्व अध्यक्ष डॉ. अरविंद शर्मा रविवार को आईएमए के कल्याणम भवन में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों आईएमए ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिलकर उन्हें 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा था। जिसमें 50 बिस्तरों अथवा उससे कम वाले अस्पतालों को क्लीनिकल स्टेब्लिशमेंट एक्ट के दायरे से बाहर रखने की मांग प्रमुखता से उठाई गई थी। कहा कि पंजाब, हरियाणा जैसे राज्यों में यह व्यवस्था लागू कर दी गई है। आईएमए ने 50 से अधिक बेड वाले अस्पताल और नर्सिंग होम के लिए भी पंजीकरण शुल्क में छूट दिए जाने की उत्तराखंड सरकार की सराहना की। आईएमए ने अस्पतालों को उपलब्ध कराए जा रहे पॉलीथीन बैगो पर बार कोडिंग की व्यवस्था खत्म करने का सुझाव दिया है। पीसीबी और अग्निशमन की अनापत्ति को लेकर अनावश्यक मानकों से भी निजात दिलाने की मांग की है। इसके अलावा संगठन ने गैर चिकित्सकों की ओर से संचालित होने वाले अस्पतालों पर भी अंकुश लगाने की मांग की है।

# चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की तैयारी शुरू

नई टिहरी। आगामी लोक सभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने को जन सामान्य के मध्य चुनाव प्रक्रिया की जानकारी स्वीप व ईएलसी गतिविधियों के माध्यम से देने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिसे लेकर स्वीप–ईएलसी गतिविधियों के संबंध में सीडीओ मनीष कुमार ने सभी संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। सीडीओ ने बैठक में कहा कि सभी संबंधित अधिकारी चुनावी साक्षरता क्लब (ईएलसी) गतिविधियों को धरातल पर उतारने के लिए अपने–अपने स्तर पर तत्परता से ईएलसी का गठन कर रोस्टर वाइज गतिविधियों को संचालित कर साप्ताहिक रिपोर्ट फोटोग्राफ्स सहित निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें। सीडीओ ने कहा कि समन्वयक स्वीप सीईओ को जनपद के समस्त स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी आदि मे स्वीप–ईएलसी गतिविधियां आयोजित कर संकलित सूचना निर्धारित समयानुसार उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों, चिकित्सालयों, बैंक शाखाओं, सस्ता गल्ला दुकानों, एनआरएलएम ग्रुप, स्वयं सहायता समूहों की बैठक, जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत, ग्राम पंचायत की बैठक, मतदेय स्थलों, कृषि–उद्यान–पशुपालन की इकाईयों, बसों–टैक्सी, गैस सिलेण्डर, दुग्ध वाहन–कंटेनर्स आदि में निर्वाचन प्रक्रिया संबंधी पोस्टर, पम्पलेट, स्टीकर चस्पा करने के निर्देश दिए। निर्वाचन प्रक्रिया पर चर्चा–परिचर्चा, जागरूकता रैली, महिला चौपाल, यूथ वोटर फेस्टिवल, खेल प्रतियोगिता के दौरान जानकारियां प्रोपर प्रसारित करने को कहा गया।

## कर्णप्रयाग की बेटी ज्योत्सना नेगी बनीं राजस्व उपनिरीक्षक

चमोली। नगर पालिका के रिठोली गांव की बेटी राजस्व विभाग में उपनिरीक्षक के पद पर चयनित हुई है। बचपन में ही सिर से पिता का साया उठने के बाद ज्योत्सना की मां ने दूध बेचकर और कृषि कर ज्योत्सना को संघर्षशील बनाया। ज्योत्सना की सफलता पर यहां स्थानीय लोगों ने खुशी का माहौल है। स्थानीय युवा और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संगठन महामंत्री सौरभ कुमार ने बताया कि ज्योत्सना नेगी उर्फ़ ज्योति की मां लीला देवी ने संघर्ष कर अपने तीनों बेटियों का लालन पालन किया।

# शहीद के नाम स्पोर्टस कालेज खोलने की मांग की

नई टिहरी। प्रतापनगर ब्लाक के लिखवार गांव के ग्राम प्रधान चंद्रशेखर पैन्युली सहित ग्रामीणों ने गांव में पहुंचे वन मंत्री सुबोध उनियाल को पत्र सौंपकर स्वतंत्रता सेनानी स्व.लक्ष्मी प्रसाद पैन्यूली के नाम पर आईटीआई या पॉलिटेक्निक कॉलेज खोलने या किसी स्कूल अस्पताल का नाम उनके नाम पर रखने की मांग की। साथ ही शहीद सूबेदार चंद्रप्रकाश पैन्यूली के नाम पर केमुंडा खाल में स्पोर्ट्स कॉलेज व पर्यटक आवास गृह खोलने की मांग की। मांग करते हुए ग्रामीणों में सच्चितानंद पैन्यूली, कमलेश पैन्यूली, उदय पैन्यूली ने कहा कि मंत्री से आग्रह किया कि उनके पुरखों का नाम आगे भी चलता रहे। इसके लिए उनके नाम से सरकारी संस्थानों का निर्माण व नामकरण किया जाय। जिस पर वन मंत्री ने ग्रामीणों को उचित कार्यवाही का भरोसा दिया है।

## व्यापारियों ने चलाया सफाई अभियान

पिथौरागढ़। रामगंगा नदी किनारे शवदाह स्थल मार्ग में गंदगी को लेकर व्यापारियों व युवाओं ने सफाई अभियान चलाया। रविवार को जोग्यूडा,थल क्षेत्र में सफाई अभियान चलाकर झाडियों का कटान किया। लोगों ने कहा कि थल, हजेती, हतवाल गाव, बर्सायत, आमतड़, जाख, कालेटी,उड़ियारी,बडेट बाफिला ,सहित बेरीनाग क्षेत्र, राइआगर के लोग शवदाह के लिए इसी मार्ग से आवाजाही करते हैं। इस दौरान व्यापार मंडल सचिव महेश पाठक,बसंत पाठक,प्रताप सिंह चौहान,जगदीश पाठक,अर्जुन सिंह,गोलू गहतोडी,प्रमोद खड़ायत,पप्पू बिष्ट,प्रांजल पाठक मौजूद रहे।

# टिहरी में सात ग्रामीण सड़कें मार्ग बाधित




नई टिहरी। टिहरी जिले में रविवार को हुई भारी बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया हो गया, बारिश के कारण लोगों को आवागमन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। बरसात से जिले में सात ग्रामीण मोटर मार्ग बाधित हो गये। बाधित सड़क मार्गों में तेगड़ आच्छीखुंट, पौड़ीखाल ग्वालना, तुरतुरिया बिड़कोट, थत्यूड़ कैम्पटी, मसोन कंडी द्वारगढ़, चाचकंडा गोनी और छतियाड़ा खवाड़ा शामिल हैं। जिला प्रशासन की ओर से लोनिवि के संबंधित अधिकारियों को बाधित मार्गों को खोलने के निर्देश दिये गये हैं।

आपदा अधिकारी बृजेश भट्ट ने बताया कि सभी बाधित मार्गों से जेसीबी मशीनों सहायता से मलबा और बोल्डर हटाने का कार्य गतिमान है, सभी एनएच और एसएच पर वाहनों की आवाजाही सुचारु है।

# प्रतापनगर क्षेत्र में लम्पी बीमारी ने दी दस्तक



नई टिहरी। टिहरी जिले के प्रतापनगर क्षेत्र में भी लम्पी बीमारी ने दस्तक दे दी है। क्षेत्र के कई गांवों में लम्पी बीमारी की चपेट में आने से कई मवेशियों की मौत हो गई है। मवेशियों में लगातार फैल रही इस बीमारी के बाद ग्रामीणों से शासन–प्रशासन से इसकी रोकथाम के लिए उपाय किए जाने व पीड़ित पशुपालकों को मुआवजा दिए जाने की मांग की है। प्रतापनगर के लंबगांव क्षेत्र के बिजपुर,रावत गांव, खम्बाखाल, उनयाल गांव, कंडियाल गांव, बौसाडी, बेल्डोगी आदि में कई पशु लम्पी बीमारी के शिकार हो चुके हैं। पशु चिकित्सक डॉ. राजेश रतूड़ी ने बताया कि क्षेत्र के गांवों में 50 से भी अधिक पशुओं में लम्पी फैल चुका है, जिससे कई पशुओं की मौत भी हो चुकी है। बताया कि लम्पी को देखते हुए शासन–प्रशासन ने पशुपालकों के लिए टोल फ्री नंबर 1962 भी जारी किया गया है। जिस पर पशुपालक सुबह 9 बजे से सायं 3 बजे तक पशु चिकित्सा सेवाओं के लिए संपर्क कर सकते हैं।

पशु चिकित्सक रतूड़ी ने सभी पशुपालकों से लम्पी बीमारी के दौरान स्वयं पशुओं का उपचार न करने की सलाह दी है। वहीं समाजसेवी सोनपाल सिंह राणा ने सरकार से लम्पी के चलते पशुहानि से पीड़ित पशुपालकों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

## गौचर में दूषित पानी की आपूर्ति

चमोली। लगातार बारिश के चलते गौचर नगर में दूषित और मिट्टी युक्त पानी की आपूर्ति की जा रही है। कई बार भारी बारिश में जलसंस्थान को पानी बंद करना पड़ रहा है। कांग्रेस नगर अध्यक्ष सुनील पंवार, पूर्व पालिकाध्यक्ष मुकेश नेगी, व्यापार संघ अध्यक्ष राकेश लिंगवाल, अवनीष चौधरी आदि का कहना है कि पेयजल योजनाओं पर फिल्टर नहीं होने से आए दिन दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है। स्थानीय लोगों ने योजनाओं पर फिल्टर लगाने और स्वच्छ पेयजल आपूर्ति किए जाने की मांग की है।

# किशोर ने कांवड़ियों का स्वागत किया

नई टिहरी। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने अपनी विधानसभा के प्रवेश द्वार नागणी में देश के विभिन्न स्थानों से आये कावड़ियों का स्वागत किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि जितने भी सनातन धर्म में मां गंगा व हिमालय में विश्वास रखने वाले लोग हैं। आज उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती हिमालय के प्रबंधन की है। हिमालय और गंगा भारत को पुनः सोने की चिड़िया बना सकता है। उन्होंने कहा कि एक रिपोर्ट के अनुसार वैज्ञानिकों ने कहा है यदि हिमालय का प्रबंधन सही तरीके से नहीं हुआ तो भविष्य में हिमालय में एक बूंद बर्फ नहीं रहेगी । कहा कि आने वाली पीढ़ी भी हर वर्ष गौमुख में जल ला पाये, इसके लिये हिमालय को सुरक्षित रखना हम सबका कर्तव्य बनता है। कांवड़ियों ने विधायक के स्वागत करने पर उनका आभार जताया और कहा कि शिवभक्त देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना भगवान शिव से करेंगे। इस मौके पर नरेश आनंद, सुशील बहुगुणा, विनोद सुयाल, नरेंद्र पंवार, ललित सुयाल, अनुज डबराल आदि मौजूद रहे।

## विद्यालयों में सोमवार व शनिवार को रहेगा अवकाश

नई टिहरी। कांवड़ यात्रा को देखते हुए विकासखण्ड नरेन्द्रनगर के तहत जनपद के नगर पालिका मुनि की रेती, ढालवाला व तपोवन क्षेत्रान्तर्गत संचालित विद्यालयों में आगामी 17 जुलाई तक प्रत्येक सप्ताह के सोमवार एवं शनिवार को अवकाश रहेगा। यह जानकारी देते हुए सीईओ एलएम चमोला ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान मार्गों पर अत्यधिक भीड़ होने के मद्देनजर ब्लाक नरेन्द्रनगर के नगर पालिका मुनि की रेती, ढालवाला व तपोवन क्षेत्रान्तर्गत संचालित सभी सरकारी, निजी व अशासकीय विद्यालयों में आगामी 17 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार व शनिवार को अवकाश रहेगा।

# दून के 136 परीक्षा केंद्रों पर हुई वीडीओ परीक्षा संपन्न



देहरादून। दून जिले में रविवार को 136 परीक्षा केंद्रों पर वीडीओ की परीक्षा संपन्न हुई। 49 हजार 968 पंजीकृत परीक्षार्थियों ने परीक्षा देने के लिए पंजीकरण करवाया था। इनमें से 19 हजार 330 उपस्थित रहे। परीक्षा प्रातः 11 बजे से दोपहर एक बजे तक संपन्न हुई। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व नोडल अधिकारी परीक्षा रामजीशरण शर्मा ने बताया कि उत्तराखंड अधीनस्थ कर्मचारी चयन आयोग द्वारा रविवार को आयोजित स्नातक स्तरीय परीक्षा में देहरादून जिले के सभी परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्वक संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि 38.68 फीसदी ने परीक्षा दी है। तीन घंटे में परीक्षार्थियों ने सौ प्रश्नों का उत्तर दिया। परीक्षार्थियों ने बताया कि इस बार पेपर आसान लगा। वहीं पुलिस प्रशासन की ओर से परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। हालांकि तेज बारिश के कारण परीक्षा केंद्रों तक आवाजाही में परीक्षार्थियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## बीमा पॉलिसी खुलवाने के नाम पर युवक से 1.30 लाख की साइबर ठगी

देहरादून। बीमा पॉलिसी खुलवाने के नाम पर दून निवासी एक युवक से 1.30 लाख रूपये की साइबर ठगी हो गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू दी है। पटेलनगर पुलिस के अनुसार, संदीप निवासी प्रेमनगर ने तहरीर में बताया कि 26 जून को उन्हें एक अनजान नंबर से कॉल आया था। कॉल करने वाले ने खुद को एक बीमा कंपनी का प्रतिनिधि बताया। उसका कहना था कि जिस कंपनी में आप का बीमा है, वो बंद हो सकती है। लिहाजा, आप हमारी कंपनी में बीमा पॉलिसी कराएं। इससे आप को काफी लाभ होगा। संदीप ने बताया कि बीमा कंपनी का प्रतिनिधि समझकर उसने पॉलिसी करने के लिए हामी भर ली। इसके बाद उसने युवक के बताए बैंक खाते में 130625 रूपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में उसने संबंधित कंपनी में फोन किया तो पता चला, कंपनी में ऐसी कोई पॉलिसी पंजीकृत नहीं है। इसके बाद संदीप को ठगी का अहसास हुआ।

# ओबीई रैंकिंग में श्रीदेव सुमन विवि को मिला डायमंड बैंड



ऋषिकेश। श्री देव सुमन विवि ने आर वर्ल्ड इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग की ओर से परिणाम आधारित शिक्षा (आउटकम बेस्ड एजुकेशन) रैंकिंग 2023 में ए प्लस ग्रेड के साथ डायमंड बैंड हासिल किया है। विवि का दावा है कि श्रीदेव सुमन विवि राज्य का एकमात्र संस्थान है जिसे ए प्लस ग्रेड के साथ यह सम्मान मिला है। श्रीदेव सुमन विवि के कुलपति प्रो. एनके जोशी ने कहा कि विवि ने आर वर्ल्ड इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग की ओर से जारी सर्वे में ए प्लस ग्रेड हासिल किया है। ये ओबीई रैंकिंग गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए संस्थानों के प्रयासों और परिणाम पर आधारित शिक्षा मॉडल को मान्यता देती है। उन्होंने कहा कि विवि के कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने जो विजन विश्वविद्यालय के लिए उन्हें सौंपा गया है, वह आगे बढ़ रहा है। इस उपलब्धि पर कुलाधिपति ने कुलपति प्रो. एनके जोशी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए समस्त विवि परिवार को बधाई दी है। प्रो. एनके जोशी ने भी श्रीदेव सुमन विवि परिसर ऋषिकेश के प्राचार्य प्रो. एमएस रावत एवं समस्त संकायाध्यक्षों एवं विभागाध्यक्षों को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

# मूसलाधार बारिश से चारधाम यात्रा मार्ग पर खतरा बढ़ा



ऋषिकेश। ऋषिकेश में मूसलाधार बारिश से जगह–जगह जलभराव हो गया है। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गंगा समेत आसपास के नदी– नाले भी उफान पर आ गए हैं।

चारधाम यात्रा मार्ग पर मलबा गिरना शुरू हो गया है। इससे खतरा बढ़ गया है। उधर, दूसरे दिन भी गंगा चेतावनी निशान को छूकर बहती रही। रविवार को मूसलाधार बारिश से चारधाम यात्रा मार्ग पर शिवपुरी, नरेंद्रनगर, ओणीबैंड के पास भूस्खलन के कारण वाहन चालकों को दिक्कत आ रही है। यहां पहाड़ से बोल्डर सड़क पर गिरने का सिलसिला शुरू हो गया है। जबकि नरेन्द्रनगर बाईपास मार्ग लगातार मलबा गिरने से बाधित हो रहा है।

हांलाकि यहां प्रशासन जेसीबी मशीन से मलबे को हटा भी रहा है। नीलकंठ मोटरमार्ग पर भी मलबा गिरने से शिवभक्तों को परेशानी आ रही है। यहां भी लोनिवि मलबा गिरने पर उसे तुरंत हटा रहा है। लेकिन शिवभक्तों की भीड़ के चलते मार्ग बाधित होते ही वाहनों का जाम लग रहा है। उधर, रविवार को झमाझम बारिश ने नगर निगम की बरसाती पानी की निकासी के इंतजामों और नालियों की सफाई की पोल खोल दी। नालियां ओवरफ्लो होने से बरसाती पानी और गंदगी सड़क पर बहने लगी। कुछ ही देर में मुख्य मार्ग की सड़कें और कॉलोनियों की गलियां बरसाती पानी से लबालब भर गईं। हरिद्वार मार्ग, देहरादून रोड, त्रिवेणी घाट मार्ग, संयुक्त बस अड्डा, पुरानी सब्जी मंडी में बरसाती पानी आने से सड़क तालाब में तब्दील गई हैं।

## 10 अगस्त तक कक्षा 6 में प्रवेश के लिए करें आवेदन

नई टिहरी। जनपद के जवाहर नवोदय विद्यालय पौखाल में सत्र 2024–25 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र नवोदय विद्यालय समिति की बेबसाइट पर भरवाये जाने आरंभ किये जा चुके हैं।

यह जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य आदेश कुमार शर्मा ने बताया कि आवेदन पत्र भरे जाने की अंतिम तिथि आगामी 10 अगस्त, 2023 तक है। जनपद टिहरी के विद्यालयों में कक्षा 5 में पढ़ने वाले छात्र–छात्रायें जिनकी जन्म तिथि 01.05.2012 से 31.07.2014 के मध्य हो आवेदन कर सकते हैं।

# मंत्री गणेश जोशी ने बैडमिंटन प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को नवाजा

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बार एसोसिएशन देहरादून की ओर से आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। प्रतियोगिता में अधिवक्ताओं और लॉ छात्रों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। देहरादून में जेपी बैडमिंटन अकेडमी में रविवार को समापन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि उत्तराखंड में कई खेल प्रतिभाएं हैं। राज्य की खेल प्रतिभाएं सभी खेलों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी स्वयं खेलो इंडिया और फिट इंडिया चेलेंज जैसे लोकप्रिय अभियानों के माध्यम से खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में खेलों के प्रोत्साहन के लिए विशेष नीति बनाई गई है। इस अवसर पर अपर जिला जज मनोज गबरियाल, बार अध्यक्ष अनिल शर्मा, बैटमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष एससी बिरमानी, कमल बिरमानी, मनीष जुयाल, भाजपा महानगर महामंत्री सुरेंद्र राणा, बद्री प्रसाद उनियाल, अमन सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## विधायक खजानदास ने की स्मार्ट सिटी और पीआईयू सेल के अधिकारियों संग बैठक

देहरादून। विधायक राजपुर रोड खजानदास ने रविवार को स्मार्ट सिटी और पीआईयू सेल के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अधूरे कार्यों को लेकर नाराजगी जताई। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष कार्य समय से पूरा करवाएं और जलभराव की समस्या का समाधान करने के लिए ठोस कदम उठाएं। विधायक ने कहा कि कई इलाकों में धीमी रफ्तार से काम चल रहा है। जगह– जगह सड़कों की खुदाई करने के बाद काम अधूरा छोड़ दिया है। जिससे जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ड्रेनेज कार्यों की धीमी रफ्तार को लेकर अधिकारियों को नाराजगी जताते हुए विधायक ने कहा कि अधिकारी मौके पर जाकर कार्यों की मॉनीटरिंग करें। ताकि समय से काम पूरे हो सकें। इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक तकनीकी स्मार्ट सिटी जगमोहन चौहान, अधिशासी अभियन्ता पीआईयू सेल प्रवीन कुश, सहायक महाप्रबंधक कृष्णपल्लव चमोला आदि मौजूद रहे।

# स्नातक स्तरीय परीक्षा में 36.68 प्रतिशत अभ्यर्थी हुए शामिल



नई टिहरी। उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की रविवार को आयोजित मध्य स्नातक स्तरीय (विभिन्न विभाग) के पदों पर चयन को लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

स्थानीय प्रशासन ने परीक्षा के निष्पक्ष रूप से सम्पादन कराये जाने को जनपद में 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिसमें कुल 2 हजार 928 अभ्यर्थियों में से मात्र 1 हजार 74 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। परीक्षा पूर्वाह्न 11 से दोपहर एक बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा के दौरान सीडीओ मनीष कुमार ने बीवीएस पब्लिक स्कूल बौराड़ी नई टिहरी एवं सेन्ट एन्थॉनी पब्लिक स्कूल ढुंगीधार के परीक्षा केंद्रों पर स्थलीय निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। परीक्षा केंद्र में साफ सफाई, पेयजल, आई कार्ड आदि की जांच करते हुए परीक्षा में लगे सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं कार्मिकों को परीक्षा के सफल संचालन को दिशा–निर्देश दिए गए। परीक्षा समाप्ति के पश्चात गोपनीय परीक्षा सामग्री को समय से जमा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## तहसीलदार ने जलभराव क्षेत्रों में निकासी कराई

रुद्रपुर। क्षेत्र में बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बारिश के जलभराव की वजह से लोग परेशान हैं। तहसीलदार ने सिसौना प्रधान की मदद से कई जगहों पर जल निकासी के लिए नाले की खुदाई कराई। इसके अलावा बाढ़ चौकियों का निरीक्षण कर वहां तैनात कर्मचारियों को पूरी तरह निगरानी बरतने के निर्देश दिए। शनिवार की मध्य रात से क्षेत्र में रूक–रूककर मूसलाधार बारिश हो रही है। इससे नगर में कई जगहों पर जलभराव हो गया। वहीं, सिसौना गांव में आबादी के बीच पानी भरने से लोग परेशान रहे।

# बारिश से जिले में 38 सड़कें बंद, लोगों की परेशानी बढ़ी



देहरादून। बारिश से जिले में सड़कों के बंद होने का सिलसिला जारी है। भूस्खलन और भूधधंसाव से 38 सड़कें बंद हो गई हैं। इसमें 30 ग्रामीण सड़कें हैं। सड़कें बंद होने से ग्रामीणों को आवाजाही में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। बंद सड़कों में सहस्त्रधारा–कार्लीगाड–सरोना, चामासारी, मालदेवता–सिल्ला–सेरकी, यमुनापुल–हाथीपांव, लांघा–विन्हार–मोटगी, लोखंडी–लोहारी, कून्ना–टिपराड, गोराघाटी–लावड़ी, कालसी–बैराटखाई, शंभू की चौकी से पंजिया, सौडा सरोली–अखंडवाली भिलंग, लेल्टा–मंडोली, कथियान–डिरनाड आदि मोटरमार्ग शामिल हैं। इसमें कुछ सड़कें ऐसी हैं, जो कई दिनों से बंद है। राष्ट्रीय राजगार्म 707ए भी लखवाड़ बैंड के पास मलबा आने से बाधित हो रखा है। इसके अलावा कुछ राज्य और जिला मार्ग भी अवरुद्ध है, जिससे लोगों को आवाजाही में भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही है।

## राजस्थान आवासन मंडल में 311 पदों पर होंगी भर्तियां

**जयपुर, एजेंसी।** प्रदेश के युवाओं के लिए राजस्थान आवासन मंडल विभिन्न संवर्गों के 311 पदों के लिए जल्द ही भर्ती निकालेगा। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि मंडल में कई दशकों के बाद इतनी बड़ी भर्ती का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह मंडल ने भवन निर्माण सहित अन्य क्षेत्रों में कीर्तिमान कायम किए हैं उसी तरह पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ परीक्षा संचालित होंगी।

अरोड़ा ने बताया कि इसके तहत प्रोग्रामर पद के लिए 1, परियोजना अभियन्ता (वरिष्ठ) (सिविल) के 48 और नगर नियोजन सहायक या वास्तुविद् सहायक के 4 राजपत्रित पदों के लिए आरपीएससी भर्ती कराएगा। जबकि कम्प्यूटर ऑपरेटर (सहायक प्रोग्रामर (एल–10) के 6, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (सूचना सहायक) के 18, परियोजना अभियन्ता (कनिष्ठ) (सिविल) के 100, परियोजना अभियन्ता (कनिष्ठ) (विद्युत) के 11, वरिष्ठ प्रारूपकार के 4, कनिष्ठ प्रारूपकार 10, विधि सहायक (कनिष्ठ विधि अधिकारी) 9, कनिष्ठ लेखाकार के 50 और कनिष्ठ सहायक के 50 अराजपत्रित पदों के लिए सी डैक भर्ती कराएगा।

## पुंछ में आई बाढ़ में पंजाब के जवान समेत दो बहे

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू–कश्मीर के पुंछ जिले में अचानक आई बाढ़ में रविवार को सेना के दो जवान बह गए। दोनों जवानों के शव बरामद कर लिये गये हैं। नायब सूबेदार कुलदीप सिंह पुंछ के कठिन इलाके में एरिया डोमिनेशन गश्त के दौरान एक नदी पार कर रहे थे। इस दौरान अचानक आई बाढ़ में वह बह गए। जवान चभल कलां, तरनतारन, पंजाब का रहने वाला था। उसके परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। बाढ़ में बहे दूसरे जवान का शव पुंछ में बरामद कर लिया गया है। जवान के बारे में फिलहाल विस्तारपूर्ण जानकारी नहीं प्राप्त है। इस बीच, मौसम विभाग के एक अधिकारी ने अगले 24 घंटों में कठुआ, सांबा और रामबन, डोडा और उदमपुर जिलों में कुछ स्थानों पर व्यापक बारिश की भविष्यवाणी की है। वहीं, जम्मू–कश्मीर में अमरनाथ यात्रा के लिए हेलिकॉप्टर सेवा रविवार को बहाल कर दी गई लेकिन खराब मौसम के कारण पहलगाम और बालटाल मार्गों से यात्रा अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गयी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में बालटाल आधार शिविर में आज सुबह हेलिकॉप्टर सेवा फिर से शुरू कर दी गयी और तीर्थयात्रियों को अब तक पांच उड़ानों में दर्शन के लिए गुफा मंदिर ले जाया गया। उनमें से छह लोग अब तक अमरनाथ गुफा में दर्शन कर चुके हैं।

## 6 बच्चों की मां प्रेमी संग फरार, मदद के लिए पुलिस के पास पहुंचा पति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार में एक बहुत ही चौंकाने वाला सामने आया है। यहां एक छह बच्चों की एक महिला अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक घटना कैमूर जिले की है। मामले से जुड़े एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि छह बच्चों को छोडक़र प्रेमी के साथ भागी महिला के पति ने शिकायत दर्ज करवाई है।

बताया जा रहा है कि महिला ने हाल ही में अपनी एक बेटी की शादी की थी। भागने के बाद महिला के पति ने भगवानपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई और पुलिस अधिकारियों से अपनी पत्नी का पता लगाने की गुहार लगाई। पीड़ित ने एफआईआर में दावा किया कि वह उस व्यक्ति को नहीं जानता जिसके साथ उसकी पत्नी भागी है।

# ज्योति मौर्य मामले में नया मोड़, पति आलोक की बढ़ीं मुश्किलें!



**उत्तर प्रदेश, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में तैनात उपजिलाधिकारी (एसडीएम) ज्योति मौर्य और उनके पति आलोक मौर्य का प्रकरण इन दिनों सुर्खियों में है। ज्योति मौर्य और उनके पति आलोक मौर्य के पारिवारक विवाद के मामले में धूमनगंज थाने में आलोक मौर्य का बयान जल्द दर्ज किया जाएगा। ज्योति मौर्य ने अपने पति पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मुकदमा दर्ज कराया है।

इस मामले में ज्योति और उनके मायके वालों का बयान दर्ज किया जा चुका है। पुलिस अब आलोक मौर्य और नामजद अन्य लोगों का बयान दर्ज करेगी। बरेली में तैनात एसडीएम ज्योति मौर्य और उनके पति आलोक मौर्य का विवाद सोशल मीडिया में छाया हुआ है।

लोग तरह–तरह के मीम्स और पोस्ट वायरल कर ज्योति मौर्य को टारगेट कर रहे हैं। ज्योति मौर्य ने धूमनगंज थाने में पति आलोक और उनके भाइयों और भाभी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में ज्योति मौर्य का बयान दर्ज किया जा चुका है, जबकि दूसरे पक्ष से उनके पति और अन्य नामजद लोगों का बयान दर्ज होना बाकी है।

धूमनगंज कोतवाली के इंस्पेक्टर राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि जल्द ही आलोक मौर्य और अन्य नामजद आरोपियों के बयान दर्ज किए जाएंगे। मामले की विवेचना की जा रही है।

बरेली में तैनात महिला पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्या के पति आलोक मौर्या ने होमगार्ड मुख्यालय में शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी पत्नी का गाजियाबाद के होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे के साथ अफेयर चल रहा है और दोनों उनकी हत्या कराने की साजिश रच रहे हैं। उनकी शिकायत पर डीजी होमगार्ड वीके मौर्या ने प्रयागराज के डिप्टी कमांडेंट जनरल संतोष कुमार को जांच सौंपी है।

अधिकारियों के मुताबिक कमांडेंट मनीष कुमार का पहले भी कई महिलाओं के साथ अफेयर के प्रकरण सामने आ चुके हैं। पीसीएस ज्योति मौर्या के पति प्रयागराज के निवासी हैं और पंचायतीराज विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। शादी के बाद ज्योति मौर्या का पीसीएस में चयन हुआ था। उनके पति ने अपनी शिकायत में कमांडेंट मनीष दुबे पर तमाम गंभीर आरोप लगाए हैं।

उसने अपने शिकायती पत्र में कहा कि शादी के बाद उसने अपनी पत्नी को इलाहाबाद में पीसीएस की तैयारी कराई। होमगार्ड कमांडेंट से अफेयर होने के बाद उसने मेरे खिलाफ दहेज का झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया। उसने अपनी शिकायत के साथ कुछ दोनों के बीच हुई कुछ व्हाट्सएप चैट और होटल में ठहरने की जानकारी भी दी है।

फिलहाल ये मामला होमगार्ड संगठन में चर्चा का सबब बन चुका है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक कमांडेंट का एक महिला होमगार्ड के साथ अफेयर भी हुआ था, जिसकी शिकायत की गई थी। उस पर लखनऊ की एक युवती के साथ आर्य समाज पद्धति से विवाह करने का भी आरोप लग चुका है।

सोशल मीडिया पर कुछ दिनों से ज्योति और आलोक की शादी का कार्ड वायरल हो रहा है। जिसमें आलोक को ग्राम पंचायत अधिकारी लिखा गया है। ज्योति का आरोप है कि आलोक पंचायती राज विभाग में सफाई कर्मचारी हैं, जबकि शादी झूठ बोलकर किया गया। उधर आलोक के परिजनों का कहना है कि लड़की वालों ने कार्ड में ग्राम पंचायत अधिकारी छपवाया था। लड़के वालों की तरफ से छपवाए गए शादी के कार्ड में सिर्फ आलोक कुमार लिखा था।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ज्योति मौर्या और आलोक मौर्य की शादी का जो कार्ड वायरल हो रहा है, उस पर ज्योति मौर्या के पिता पारसनाथ मौर्या का बयान सामने आया है। ज्योति मौर्या के पिता ने बताया कि शादी के वक्त आलोक मौर्या ने नहीं बताया था कि वो एक सफाई कर्मचारी हैं। आलोक ने खुद को ग्राम पंचायत अधिकारी बताया था। शादी के कार्ड पर भी हमने ग्राम पंचायत अधिकारी वाली बात लिखवाई थी। शादी के कार्ड की वायरल फोटो में ये देखा जा सकता है।

बता दें कि ज्योति मौर्या के पिता यूपी में वाराणसी के चिरईगांव में रहते हैं। ज्योति मौर्या के पिता ने कहा कि अब तो आलोक मौर्या चिल्ला–चिल्लाकर लोगों को बता रहे हैं कि वो एक सफाई कर्माचारी हैं, लेकिन शादी से पहले उन्होंने और उनके परिवार ने झूठ बोला था। जो शादी झूठ की बुनियाद पर हुई हो उसका अंजाम तो ऐसा होना ही था।

सोशल मीडिया पर एक महिला का वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वो अपने पति और ससुराल वालों को जातिसूचक शब्द कहते हुए नजर आ रही है। दावा किया जा रहा है कि ये वीडियो ज्योति मौर्य का है। बरेली में भीम आर्मी ने इस संबंध में शिकायत भी दर्ज कराई है।

# स्विमिंग पूल बनीं सड़कें, 150 से ज्यादा जगहों पर जलभराव, प्रगति मैदान टनल बंद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिनभर की बारिश में दिल्ली सरकार, नगर निगम व एनडीएमसी समेत सभी सिविक एजेंसियों के दावे बह गए। बारिश के दौरान सभी मुख्य सड़कों से लेकर गली–मोहल्ले तक में जलभराव के कारण स्विमिंग पूल जैसे हालात नजर आए। मिंटो ब्रिज, तिलक ब्रिज, आईटीओ, एम्स, प्रगति मैदान, पुल प्रहलादपुर समेत सभी अंडरपास जलभराव में डूबे रहे।

कनॉट प्लेस, चांदनी चौक, सदर बाजार समेत सभी बाजारों में भी जलभराव ने परेशान किया। शाम होने से पहले तक पूरी दिल्ली में 150 से ज्यादा जगहों पर जलभराव की सूचना मिली। इस बीच 12 जगहों पर सड़कों में गड्ढे हो गए और 11 जगहों पर पेड़ गिरने की शिकायतें मिलीं। जलभराव व ज्यादातर लालबत्ती बंद होने से भीषण जाम में वाहन चालक घंटों जूझते रहे।



दोपहर बाद मिंटो ब्रिज व प्रगति मैदान टनल को बंद करना पड़ा। पीडब्ल्यूडी की पंपिंग सेट से जलनिकासी की व्यवस्था फेल हो गई। यहां के ट्रैफिक को दूसरे रास्तों पर डायवर्ट कर दिया गया। इससे नजदीकी सड़कों पर लंबा जाम लगा। इस दौरान वाहन रेंगते हुए आगे बढ़ रहे थे। सबसे बुरी हालत बाइक सवारों की थी।

दूसरी तरफ एमसीडी, ट्रैफिक पुलिस, एनडीएमसी समेत दूसरी जलभराव व पेड़ गिरने की सूचनाएं मिलीं। ट्रैफिक पुलिसकंट्रोल रूम के मुताबिक कॉल आने के तुरंत बाद ही एजेंसियों के साथ तालमेल बिठाकर जल निकासी कराने और पेड़ों को सड़कों से हटवाने का काम शुरू कर दिया गया था।

नई दिल्ली इलाके में अमृता शेरगिल मार्ग, जंतर मंतर रोड, चंगदी राम अखाड़ा, डीडीयू मार्ग, ईस्ट पटेल नगर और धीरपुर मेन रोड पर पेड़ गिरे थे, जिन्हें देर शाम तक हटाने का काम किया गया। वहीं, लाजपत नगर में सन लाइट कॉलोनी, द्वारका में राजा कॉलोनी, पंजाबी बाग में भारत दर्शन पार्क के सामने, शादीपुर मेट्रो स्टेशन और बूटा सिंह स्ट्रीट पर गड्ढे हो गए जिससे लोगों को काफी दिक्कत हुई।

तेज बारिश के कारण अधिकतर स्थानों पर नाले–नालियां चोक हो गईं। बारिश ने नगर निगम, पीडब्ल्यूडी और एनडीएमसी जैसी एजेंसियों की नालों की सफाई को लेकर किए जा रहे दावों की पोल खोल कर रख दी, जो 70–80 फीसदी अपने नाले साफ होने का दावा कर रहे थे।

सिविक एजेंसियों ने नालों की सफाई का काम ठेके पर दे रखा है। ठेकेदार नालों की सफाई के नाम पर बमुश्किल 10 फीसदी गाद निकाल रहे हैं और सफाई के नाम पर केवल खानापूर्ति हो रही है। ऊपर से कई दिन गाद सड़क पर ही पड़ी रही और बारिश होने पर ये दोबारा बहकर नालियों में चली गई। ऐसे में ठेकेदारों ने गाद ढुलाई का खर्च भी बचा लिया है।

## डिजिटल व्यापार सुविधा देने के प्रयास में भारत सबसे आगे, विकसित देशों को छोड़ा पीछे

**नई दिल्ली , एजेंसी।** अर्थव्यवस्था की विकास दर के बाद भारत अब डिजिटल एवं टिकाऊ व्यापार सुविधा देने के प्रयास में भी सबसे आगे निकल गया है। इस मामले में संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक आयोग (यूएनईएससीएपी) की तरफ से सर्वे किया गया था, जिसमें भारत 140 देशों को पीछे छोड़ते हुए व्यापार सुविधा देने के प्रयास में सबसे आगे दिखा। इन देशों में कनाडा, फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी सहित कई विकसित देश भी शामिल हैं।

वर्ष 2023 के लिए किए गए सर्व में भारत को 93.55 फीसद अंक मिले। वर्ष 2021 में यूएनईएससीएपी के इस सर्वे में भारत को 90.32 प्रतिशत अंक मिले थे। जानकारों का कहना है इस रिपोर्ट से डिजिटल व अन्य प्रकार की व्यापारिक सुविधा देने के मामले में भारत की प्रतिबद्धता जाहिर होती है जिससे देश के निवेश और मैन्यूफैक्चरिंग में बढ़ोतरी तय है।

## चंडीगढ़ में 23 वर्षों में सबसे अधिक बारिश, जलभराव से लोग परेशान

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब और हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में रविवार को जुलाई में एक ही दिन में सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई। बारिश ने यहां 23 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। 24 घंटे में 322 मिमी बारिश हुई है।

शहर में इससे पहले यहां 18 जुलाई 2000 को 262 मिमी की सबसे अधिक वर्षा दर्ज की गई थी। अधिकारियों ने लगातार बारिश के बाद, जल स्तर 1,162.54 फीट तक पहुंचने पर मानव निर्मित सुखना झील के गेट खोल दिए है। सुखना धारा झील के अलावा पानी घग्गर नदी तक ले जाती है।

पानी छोड़े जाने से बलटाना और जीरकपुर कस्बों के निचले इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति हो गई। पुलिस ने जनता को जलभराव के कारण किशनगढ़ गांव से सुखना झील और मनीमाजरा के शास्त्री नगर की ओर जाने वाली सडक़ से बचने की सलाह दी है।

रिपोर्ट के अनुसार, चंडीगढ़

### सुखना लेक से छोड़ा गया पानी

के कई निचले इलाकों में पानी भर गया है और अंडरपास जलमग्न हो गए। बड़ी संख्या में निवासियों ने पेड़ों के उखड़ने, निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचने और बारिश का पानी उनके घरों में घुसने की सूचना दी।

सेक्टर 38 आवास के सामने एक पीपल का पेड़ भारी बारिश के कारण गिर गया। पेड़ के गिरने से बिजली के तार टूट गए और उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ है। स्थानीय लोगों ने दावा किया कि उन्होंने लोड कम करने के लिए पेड़ की शाखाओं को काटने के लिए नगर निगम को पत्र दिया था। हालांकि, पेड़ को मानदंडों के अनुसार नहीं काटा गया था। आईएमडी द्वारा पहले से ही भारी बारिश की चेतावनी जारी करने के साथ, पंजाब सरकार हाई अलर्ट पर है।

00

# नेतन्याहू सरकार के लाए न्यायिक सुधार विधेयक पर मतदान से पहले देश में प्रदर्शन

**तेल अवीव , एजेंसी।** इस्राइल के न्यायिक सुधार विधेयक पर मतदान होने से पहले ही देशभर में विरोध–प्रदर्शन तेज हो गया है। तेल अवीव सहित अन्य शहरों में प्रदर्शन किए गए। लोकल मीडिया के मुताबिक, हजारों लोग अलग–अलग शहरों में प्रदर्शन कर रहे हैं। लोगों का आरोप है कि न्यायिक सुधार कानून न्यायिक प्रणाली को खत्म करने की सरकार की योजना है।

इस्राइल में डेढ़ लाख से ज्यादा लोग सड़कों पर उतर आए हैं। इनमें से एक लाख 40 हजार लोग अकेल तेल अवीव में प्रदर्शन कर रहे हैं। इतनी बड़ी संख्या में पहली बार लोग बाहर आए हैं। यह विरोध ऐसे समय में हुआ है, जब सोमवार को नेतन्याहू सरकार की न्यायिक सुधार नीति के तहत कोर्ट की शक्तियां काफी कम करने वाले



विधेयक को राष्ट्रीय विधायिका नेसेट में पढ़ा जाना है।

केंद्र, वामपंथी और यहां तक कि दक्षिणपंथी नागरिकों, सैन्य रिजर्व और राजनीतिक दलों द्वारा छह महीने से कड़ा विरोध जताया जा रहा है। विरोध को देखते हुए इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार ने न्यायिक सुधार को पारित करने के अपने प्रयासों को नवीनीकृत किया है।

जून के अंत में, इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि अपनी सरकार के प्रस्तावित न्यायिक सुधार के सबसे विवादास्पद पहलुओं में से एक नेसेट को सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को पलटने की अनुमति देने वाला प्रावधान हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के अलावा नेसेट की शक्ति पर इस्राइल का कोई नियंत्रण नहीं है।

नीरज कुमार ने यह भी आरोप लगाया कि विकास के नाम पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज में सैकड़ों मंदिर तोड़े गए। भाजपा के किसी सांसद–विधायक ने बाबा गरीबनाथ और बाबा हरिहरनाथ के विकास पर एक पैसा भी खर्च नहीं किया। इसके साथ ही दावा किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के रहते कानून का राज और विकास के एजेंडा से कोई छेड़छाड़ नहीं कर सकता।

## मरने वालों की संख्या हुई दस, घायल कोर्ट कर्मी ने दम तोड़ा, अज्ञात की हुई पहचान

**जींद ।** जींद के गांव बीबीपुर के पास हुए सडक़ हादसे में घायल एक और युवक ने पीजीआई रोहतक में दम तोड़ दिया। इसके साथ ही क्रूजर जीप में सवार मरने वालों का आंकड़ा 10 पहुंचा गया है । वही हादसे में मारे गए एक बुजुर्ग व्यक्ति की शिनाख्त हो गई है। सदर थाना पुलिस ने मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

गांव पेटवाड़ हिसार निवासी अमरजीत उर्फ अमित 25 ने भी दम तोड़ दिया। अमित जींद अदालत में कार्यरत था। जो शनिवार को क्रूजर जीप में जींद के लिए सवार हुआ था। हादसे में अमित गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिस पर उसकी हालत गंभीर देखते हुए पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया था।

# चलती ट्रेन में यात्री की मौत: 20 मिनट रुकी रही गाड़ी

### मृतक के पास नहीं था टिकट, पहचान न होने पर नहीं उतारा शव

**मैरवा (सिवान)।** सिवान से गोरखपुर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन में रविवार को यात्रा कर रहे एक वृद्ध की मृत्यु हो जाने से रेल यात्रियों व रेलवे महकमे में हलचल मच गई। मैरवा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पहुंचते ही गार्ड ने इसकी सूचना स्टेशन अधीक्षक को दी।

करीब 20 मिनट तक ट्रेन मैरवा रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही। बाद में उसे आगे जाने के लिए बढ़ा दिया गया। स्टेशन अधीक्षक ने इसकी सूचना भटनी स्टेशन अधीक्षक को दे दी। भटनी में जीआरपी ने ट्रेन से शव उतारा। शव शौचालय में था। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

भटनी जीआरपी ने बताया कि शव का अंत्य परीक्षण के बाद ही घटना के कारणों की जानकारी



हो सकेगी। प्रथम द्दष्टया हृदयाघात के कारण मृत्यु होने की आशंका जताई जा रही है। मृत यात्री के पास रेलवे टिकट नहीं मिला। स्पष्ट नहीं हो सका कि यात्री को कहां तक जाना था। वह खाकी पैंट पहने था।

कपड़े के आधार पर जीआरपी ने उसके रेलकर्मी होने की आशंका जताई और कहा कि पहचान होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। वहीं मैरवा स्टेशन अधीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि पैसेंजर ट्रेन मैरवा पहुंचने के बाद गार्ड ने मेमो उन्हें दिया। करीब 20 मिनट तक ट्रेन रुकी रही।मृतक की पहचान नहीं होने से उसे ट्रेन में ही आगे जाने दिया गया। इसकी सूचना भटनी स्टेशन अधीक्षक को दी गई। मैरवा जीआरपी इंचार्ज सुदर्शन प्रसाद ने बताया कि ट्रेन में शव होने को लेकर जीआरपी को कोई मेमो नहीं मिला है।भारत अब डिजिटल एवं टिकाऊव्यापार सुविधा देने के प्रयास में भी सबसे आगे निकल गया। 140 देशों को पीछे छोड़ते हुए व्यापार सुविधा देने के प्रयास में भारत सबसे आगे है। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक आयोग की रिपोर्ट के जरिए यह खुलासा हुआ है। वर्ष 2023 के लिए किए गए सर्व में भारत को 93.55 फीसद अंक मिले।

# 'जो राम को जानते तक नहीं, वे ही लगाते हैं जय श्रीराम का नारा': नीरज कुमार

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** विधान परिषद के सदस्य और जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार रविवार को भाजपा को घेरते हुए कहा कि जो भगवान राम को ठीक से जानते तक नहीं, वे भी जय श्रीराम का नारा लगाते हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे लोग फर्जी हिंदू हैं, जबकि नीतीश कुमार ने कब्रिस्तानों के साथ–साथ मंदिर और चर्च की भी घेराबंदी कराई, जबकि इसके इतर किसी भाजपा शासित राज्य में मंदिरों की घेराबंदी नहीं हुई।नीरज कुमार ने यह भी आरोप लगाया कि विकास के नाम पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज में सैकड़ों मंदिर तोड़े गए। भाजपा के किसी सांसद–विधायक ने बाबा गरीबनाथ और बाबा हरिहरनाथ के विकास पर एक पैसा भी खर्च नहीं किया। इसके साथ ही दावा किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के रहते कानून का राज और




विकास के एजेंडा से कोई छेड़छाड़ नहीं कर सकता।

नीरज कुमार जदयू व्यावसायिक, उद्योग व शिक्षा प्रकोष्ठ का संयुक्त प्रमंडलीय प्रशिक्षण सह संवाद कार्यक्रम में शामिल होने मुजफ्फरपुर आए, जहां संगठन विस्तार की रणनीति बनी।

जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमरदीप ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने 17 सालों के कार्यकाल में बिहार को नई पहचान दी है। उन्‍ होंने कहा कि सभी पार्टी कार्यकर्ताओं इंटरनेट का उपयोग नीतीश के कामों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

विधान पार्षद सह प्रदेश जदयू के कोषाध्यक्ष ललन सर्राफ ने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले नौ सालों के शासन में बिहार को छलने के अलावा कुछ नहीं किया। विशेष राज्य का दर्जा बिहार का हक है, लेकिन अब तक नहीं मिला। न ही कोई स्पेशल पैकेज हमें मिला।

जदयू व्यावसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धनजी प्रसाद ने कहा कि हमें "हाटे बाजार–नीतीशे कुमार" अभियान के माध्यम से मुख्यमंत्री का संदेश हर हाट–हर बाजार तक पहुंचाना है और व्यवसायियों को एकजुट करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता धनजी प्रसाद व संचालन डॉ. अमरदीप ने की।

बता दें कि पार्टी नेता गणेश कानू, संजय मालाकार, मुजफ्फरपुर जिला जदयू अध्यक्ष रामबाबू सिंह कुशवाहा, राम कलेवर प्रसाद, रीतेश रंजन गुप्ता, शिशिर नीरज, सुरेश चन्द्र प्रसाद, सौरभ कुमार साहेब, अधिवक्ता अरुण कुमार सिंह, प्रो. संगीता सिंह, श्रीमती सविता जायसवाल और राजीव मेहरोत्रा आदि शामिल रहे।

## नेपाल बन रहा खतरे की घंटी! चीन–पाक के जासूस भारत में आसानी से कर रहे प्रवेश

**नोएडा , एजेंसी।** नेपाल के भारत का मित्र देश होने और बिना फेंसिंग के बॉर्डर होने का पूरा फायदा भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान और चीन उठाते हैं। भारत में घुसपैठ करने के लिए नेपाल को अपना जरिया बनाकर यह पड़ोसी मुल्क यहां अपने लोगों को भेजते हैं और गैर कानूनी काम में शामिल कर देते हैं। हाल ही में सामने आए मामले में पब्जी गेम से मोहब्बत और उसके बाद पाकिस्तानी महिला नेपाल के जरिए भारत पहुंच गई। यहां पर उसने उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में रहने वाले सचिन के साथ घर बसाने का सपना देख लिया और अपने साथ अपने बच्चों को भी लेकर आ गई। न कोई वैलिड डॉक्यूमेंट न ही वीजा और महिला आराम से बीते 50 दिनों से अपने भारतीय प्रेमी के साथ किराए पर कमरा लेकर रह रही थी।

उसके पकड़े जाने के बाद जब पुलिस को उसके आने का रूट पता चला तो नोएडा पुलिस ने केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों को पत्र लिखकर मामले की जांच करने को कहा और मंत्रालय को भी पत्र लिखकर नेपाल के रास्ते से आने वाले एंट्री और एग्जिट प्वाइंट पर सुरक्षा व्यवस्था को और ज्यादा कड़ी करने की गुहार लगाई। यह कोई पहला मामला नहीं है।

सम्पादकीय

# राहुल गांधी का मरहम

राहुल गांधी के प्रति मणिपुर के लोगों की जो भावना छलकी, वह संकेत है कि विभाजनकारी राजनीति के तमाम विध्वंस के बावजूद राष्ट्रीय मुख्यधारा से उनका गहरा लगाव बना हुआ है। राहुल गांधी ने उनकी आहत भावनाओं पर मरहम लगा कर इस लगाव को मजबूत बनाया है। राहुल गांधी के मणिपुर दौरे से यह बात जाहिर हुई कि हिंसा ग्रस्त इस राज्य के लोग किस हताशा और बेचैनी में हैं। उनकी पीड़ा कोई सुने और उनके दर्द को समझे, इसके लिए उनकी बढ़ती व्यग्रता के बीच किसी राष्ट्रीय नेता वहां पहुंचना एक बेहद प्रभावशाली घटना बन गई। राहुल गांधी के प्रति उनकी जो भावना छलकी, वह इस बात का संकेत है कि विभाजनकारी राजनीति के तमाम विध्वंस के बावजूद भारत की राष्ट्रीय मुख्यधारा से उनका गहरा लगाव बना हुआ है। राहुल गांधी ने उनकी आहत भावनाओं पर मरहम लगा कर इस लगाव को मजबूत बनाया है। यह कहा जा सकता है कि राहुल गांधी 'मोहब्बत की दुकानइ जितनी प्रासंगिक मणिपुर में दिखी, उतना प्रभावशाली वह पहले कहीं नहीं दिखी थी। राजनीति में मुद्दे और विचार महत्त्वपूर्ण होते हैं। लेकिन उसमें भावनाओं की भी अहमियत होती है। राजनेताओं से यह अपेक्षित होता है कि लोगों की भावनाओं से ना जुड़े रहें, बल्कि जब लोग भावनात्मक अशांति से गुजर रहे हों, तो उनसे अपने लगाव का इजहार कर उनके जख्म पर मरहम भी लगाएं। गुजरे दशकों में भारत में ऐसी राजनीति दुर्लभ होती गई है। बल्कि हाल में तो राजनीति का मतलब विभिन्न सांप्रदायिक और जातीय समुदायों की भावनाओं को भड़का कर लाभ उठाना बन गया है। इसके दुष्परिणाम अब खुलकर सामने आने लगे हैं। ऐसी सियासत का नतीजा यह हुआ है कि भारतीय समाज सांप्रदायिक/जातीय भावनाओं के उबाल की ज्वालामुखी पर पहुंचता जा रहा है। इसके बीच राहुल गांधी ने 'मोहब्बत की दुकानइ का जो प्रयोग शुरू किया है, वह लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। यह आलोचना अपनी जगह सही हो सकती है कि राहुल गांधी आर्थिक नीतियों या राजनीतिक रणनीति के मोर्चे पर कोई कारगर विकल्प अब तक पेश नहीं कर पाए हैं। इसके बावजूद यह जरूर कहा जा सकता है कि राजनीति को चुनावी जोड़तोड़ के दायरे में सीमित मानने के चलन को तोडऩे की एक शुरुआत उन्होंने जरूर की है। मणिपुर में उन्होंने इस बात की एक झलक दिखाई। ऐसी व्यापक राजनीति आज की बड़ी जरूरत है, इसे उन्होंने दिखाया है।

# तो ट्विटर को थ्रेड्स खा जाएगा?

**मार्क जुकरबर्ग का थ्रेडस अपने सुनहरे दौर के पुराने ट्विटर जैसा है। यह साफ़–सुथरा और संयत है और (अभी तक) केवल चर्चा और पोस्टों तक सीमित है। जो कूल है उसे अपनाना तो ज़रूरी है ही क्योंकि उसे ही जनता पसंद करती है। नीले रंग की जगह काले ने ले ली है और चिड़िया़ जी जगह 'एट' के निशान 6ञ्8 ने। बाकी सब ट्विटर जैसा ही है। थ्रेडस में भी शब्दों में लिखे संदेश एक फीड में पोस्ट किए जाते हैं, जिसे स्क्राॅल किया जा सकता है और इस फीड में यूजर जिन्हें फालो करता है और जो यूजर को फालो करते हैं, पोस्टों का जवाब दे सकते हैं। एप पर वीडियो और फोटो भी पोस्ट किए जा सकते हैं। आप जिन्हें फालो कर रहे हैं उनकी लिस्ट अभी थ्रेड्स में नहीं दिखती और ना ही इसके ज़रिये वे आपको डीएम (डायरेक्ट मैसेज) भेज सकते हैं। लेकिन थ्रेडस पर पोस्ट 500 अक्षरों तक के हो सकते हैं। यह संख्या ट्विटर के यूजर्स के लिए 280 तक सीमित है।**

**श्रुति व्यास**

थ्रेड्स – ये नाम है हमारी सोच को दुनिया से साझा करने के सबसे नए ज़रिये का। यह नया एप स्टाइलिश है, और अपने जैसे अन्य एप्स से जरा हटकर है। यह एप फेसबुक के मालिक मार्क जुकरबर्ग का है। ऐसा कहा जा रहा है कि यह एलन मस्क के ट्विटर को खत्म कर देगा। साथ ही यह हमारे दिमाग को खत्म करने वाला एप भी है। लेकिन इसकी चर्चा बाद में।

जुकरबर्ग की कंपनी मेटा ने दस साल से भी अधिक समय पहले लोकप्रिय फोटो शेयरिंग एप इंस्टाग्राम पेश किया था। थ्रेड्स इसी की अगली कड़ी है। इन दिनों फेसबुक के मुकाबले इंस्टाग्राम ज्यादा फैशन में है। जैसा कि आज के नौजवान कहते हैं, ''फेसबुक हमारे पिताओं और दादाओं के लिए है और इंस्टाग्राम हमारे लिए'' ।बात एकदम सही है।

अपने पहले दिन में ही थ्रेडस के यूजर्स की संख्या करोड़ों में जा पहुंची। इसे अपनाने वाले लोगों और कंपनियां में नेटफ्लिक्स, गोर्डन रेमसे, शकीरा और एचबीओ शामिल हैं। अभी–अभी खबर मिली है कि ओपरा विनफ्रे़ और दलाई लामा से भी इससे जुडऩे का आग्रह किया गया है। हैरानी इस बात की है कि ये पंक्तियां लिखे जाने तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इससे नहीं जुड़े हैं। आश्चर्यजनक है कि ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह इससे जुड़ चुके हैं। जहां तक मेरा सवाल है, इसमें शामिल होने वालों में मेरा नंबर 58,50,255वां है। मैं इस सोशल मीडिया एप से जुडऩे को मजबूर इसलिए हुई क्योंकि उसे लेकर हो रहे शोर–शराबे को नजरअंदाज करना असंभव था। साथ ही, उसके बारे में लिखने के लिए उसे अनुभव करना जरूरी था। और फिर ऐसी कोई भी चीज जो एलन मस्क के ट्विटर के खात्मे का दावा करे का अनुभव किया ही जाना चाहिए!मार्क जुकरबर्ग का थ्रेडस अपने सुनहरे दौर के पुराने ट्विटर जैसा है। यह साफ़–सुथरा और संयत है और (अभी तक) केवल चर्चा और पोस्टों तक सीमित है। जो कूल है उसे अपनाना तो ज़रूरी है ही क्योंकि उसे ही जनता पसंद करती है। नीले रंग की जगह काले ने ले ली है और चिड़िया़ जी जगह 'एट' के निशान 6ञ्8 ने। बाकी सब ट्विटर जैसा ही है। थ्रेडस में भी शब्दों में लिखे संदेश एक



फीड में पोस्ट किए जाते हैं, जिसे स्क्राॅल किया जा सकता है और इस फीड में यूजर जिन्हें फालो करता है और जो यूजर को फालो करते हैं, पोस्टों का जवाब दे सकते हैं। एप पर वीडियो और फोटो भी पोस्ट किए जा सकते हैं। आप जिन्हें फालो कर रहे हैं उनकी लिस्ट अभी थ्रेड्स में नहीं दिखती और ना ही इसके ज़रिये वे आपको डीएम (डायरेक्ट मैसेज) भेज सकते हैं। लेकिन थ्रेडस पर पोस्ट 500 अक्षरों तक के हो सकते हैं। यह संख्या ट्विटर के यूजर्स के लिए 280 तक सीमित है। पांच मिनट तक के वीडियो भी पोस्ट किए जा सकते हैं और किसी भी पोस्ट को लिंक के ज़रिये से अन्य प्लेटफार्मों पर शेयर किया जा सकता है।

चूंकि मेटा पहले से ही आनलाइन दुनिया पर छाया हुआ है, इसलिए थ्रेडस पर साइनअप करना बहुत आसान है। इसके लिए केवल आपका इंस्टाग्राम एकाउंट होना चाहिए और आप उसके जरिए ही थ्रेड पर लाग इन कर सकते हैं। आपका इंस्टाग्राम यूजर नेम ही चल जाएगा, आप जिनको फालो करते हैं उनकी सूची, आपका जीवन परिचय और आपकी फोटो भी आ जाएगी। इसलिए आपको सब कुछ जीरो से शुरू नहीं करना होगा बल्कि आप सीधे थ्रेड का उपयोग कर सकेंगे। जुकरबर्ग ने फेसबुक वाले अंकलों और आंटियों को यह सहूलियत नहीं दी है इसलिए आपको थ्रेड तक पहुंचने के लिए पहले इंस्टाग्राम से जुडऩा होगा।

कई टेक्नोलॉजी कंपनियों ने हाल के महीनों में ट्विटर में उथल–पुथल का फायदा उठाने की कोशिश की है। और मेटा भी कई अन्य कंपनियों – ब्लूस्काई, मेस्टडोन, स्पिल, सबस्टेक नोट्स और कई और – की तरह किसी दौर के सबके चहेते लेकिन आज गोते खा रहे ट्विटर से आगे निकलने की कोशिश कर रहे हैं।

इसमें कोई शक नहीं कि एलन मस्क के कब्जे में जाने के बाद से ट्विटर बर्बाद हो गया है। मस्क ने इसके अल्गोरिथम और अन्य फीचर्स के साथ छेड़छाड़ करके इसके यूजर्स को मिलने वाले अनुभव में बहुत बदलाव ला दिया हो। यह गैर–बराबरी को बढ़ावा देना वाला प्लेटफार्म बन गया है। और हाल में यूजर्स द्वारा पढ़े जा सकने वाले ट्वीटस की संख्या को अस्थायी रूप से सीमित कर दिया था, जिस पर बहुत गुस्सा है।

**ट्विटर वाकई तबाह हो गया है!** थ्रेडस को मेटा के अकूत आर्थिक संसाधनों और इंस्टाग्राम यूजर्स की विशाल संख्या – जो दुनिया भर में 200 करोड़ से ज्यादा हैं – का फायदा मिलेगा। और प्रतिस्पर्धी के रूप में जुकरबर्ग को हल्के में नहीं लिया जा सकता। किस्मत भी उनके साथ है और यही कारण है कि वे केवल दूसरों की नक़ल कर अपना एक बड़ा व्यापारिक साम्राज्य खड़ा कर पाए हैं। थ्रेड्स एकदम ट्विटर जैसा है। इसमें कोई नयापन या नया फीचर नहीं है। जैसे रील्स, टिक–टाक से मिलता–जुलता था और फेसबुक मैसेंजर, स्नेपचैट जैसा था। लेकिन थ्रेडस इसलिए सफल हो सकता है क्योंकि लोग एलेन मस्क और उनके दक्षिणपंथ और दक्षिणपंथी नेताओं की तरफ झुकाव और गंवार जोकर जैसे रंग–ढंग से तंग आ चुके हैं।


जहां तक हमारा सवाल है, स्क्रीन को स्क्रॉल करते–करते हमारे दिमाग थक जाते हैं और हमारी उंगलियां सुन्न हो जाती हैं। या शायद हम रील्स और पोस्ट बनाते–बनाते तंग आ चुके हैं जो वास्तविक जीवन का एक मुखौटा भर हैं। या जब तक हमें यह एहसास नहीं हो जाता कि हम 21वी सदी के अनाड़ी लंगूर बन गए हैं। जब तक ऐसा नहीं होता, हम एक–दूसरे से थ्रेडस, इंटाग्राम, फेसबुक, ट्विटर और व्हाटसएप पर मिलेंगे, असहमत होंगे और ट्रोल करेंगे।

# संगठन में हर जगह मजबूरी

**हरिशंकर व्यास**

भाजपा न केवल चुनावी एजेंडे को लेकर दुविधा में है बल्किवह यह भी नहीं बूझ पा रही है कि कौन सा मुद्दा क्लिक करेगा? पार्टी संगठन को लेकर भी संशय में है। हर जगह पार्टी मजबूरी में समझौता कर रही है। सोचें, कर्नाटक में विधानसभा चुनाव हारने के बाद भाजपा के प्रदेश नेताओं की पहली बैठक में यह मुद्दा उठा था कि पार्टी ने बहुत समझौते किए। अलग–अलग समूहों की तुष्टिकरण के हिसाब से टिकट बांटे इसलिए पार्टी हारी। इसके बावजूद पार्टी की मजबूरी है कि वह तुष्टिकरण की नीति नहीं छोड़ पा रही है। सभी राज्यों में भाजपा मजबूरी में समझौते कर रही है। राज्यों में मजबूरी के अध्यक्ष बनाए जा रहे हैं। बाहर से आए नेताओं को प्रदेश की कमान दी जा रही है।

भाजपा ने झारखंड में बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। दिसंबर 2019 का विधानसभा चुनाव हारने के बाद भाजपा ने उनकी पार्टी झारखंड विकास मोर्चा का विलय अपनी पार्टी में कराया था। कोई 13 साल बाद मरांडी की घर वापसी हुई थी। तब पार्टी ने उनको विधायक दल का नेता बनाया लेकिन साढ़े तीन साल में उनको नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नहीं मिला। उनकी पार्टी के बाकी दो विधायक कांग्रेस में चले गए हैं और उनकी शिकायत पर मरांडी की सदस्यता का मामला अटका है, जिस पर स्पीकर को फैसला करना है। जब वे नेता विपक्ष नहीं बन पाए तो अब उनको प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। मरांडी को झारखंड की कमान देने की दो मजबूरी है। पहली तो यह कि देश भर से यह मैसेज है कि आदिवासी भाजपा से नाराज हैं। कर्नाटक में भाजपा एक भी आदिवासी सीट नहीं जीत पाई। अब छत्तीसगढ़ में चुनाव है, जहां 27 फीसदी आदिवासी हैं और मध्य प्रदेश में भी 14 फीसदी आदिवासी हैं। दूसरी मजबूरी यह है कि झारखंड में पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा एसटी के लिए आरक्षित 28 में से सिर्फ दो सीट जीत पाई थी। पिछले साढ़े तीन साल में आदिवासी नेता के तौर पर हेमंत सोरेन स्थापित हुए हैं। तभी भाजपा ने 2014 में जो गैर आदिवासी राजनीति करने का रास्ता चुना था उसको छोड़ कर अब वह मजबूरी में आदिवासी राजनीति पर लौटी।



कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी अभी तक न विधायक दल का नेता चुन पाई और न प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त हुआ। भाजपा ने कई बार की बैठकों के बाद चार राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए। उसके साथ ही कर्नाटक में भी अध्यक्ष नियुक्त होना था। नलिन कुमार कतिल का कार्यकाल पिछले साल अगस्त में खत्म हो गया था और अब विस्तारित कार्यकाल भी खत्म हो रहा है। लेकिन बीएस येदियुरप्पा बनाम अन्य की लड़ाई में कोई फैसला नहीं हुआ। चुनाव के बाद विधानसभा का सत्र चालू हो गया लेकिन दो महीने में भाजपा विधायक दल का नेता नहीं चुन पाई। पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई बनेंगे या कोई और इसका फैसला नहीं हो पाया। जिस राज्य में एडजस्टमेंट की राजनीति का सबसे ज्यादा विरोध हुआ वही पर समझौते के प्रयास चल रहे हैं।

भाजपा ने पिछले तीन महीने में छह राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष बदले हैं, जिनमें से तीन राज्यों में दूसरी पार्टियों से आए नेताओं को पार्टी की कमान दी गई है। सोचें, एक समय था, जब राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ की दीक्षा के बगैर संगठन में कोई बड़ी जिम्मेदारी नहीं मिलती थी लेकिन अब दूसरी पार्टियों से आकर एक साल के अंदर नेता प्रदेश अध्यक्ष बन रहे हैं। भाजपा ने पंजाब में सुनील जाखड़ को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है, जो पिछले ही साल कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए। अपनी हताशा में भाजपा सोच रही है कि जाखड़ जाट सिख और हिंदू दोनों वोट भाजपा को दिला देंगे। इसी तरह आंध्र प्रदेश में भाजपा ने डी पुरंदेश्वरी को अध्यक्ष बनाया है, जो दिवंगत एनटी रामाराव की बेटी हैं। वे पहले टीडीपी में थीं और वहां से कांग्रेस में गई थीं, जहां मनमोहन सिंह की सरकार में उनको मंत्री बनाया गया था। वे कांग्रेस छोड़ कर भाजपा मे गईं तो महासचिव बनीं और अब आंध्र प्रदेश का अध्यक्ष बनाया गया है। भाजपा को लग रहा है कि पुरंदेश्वरी अपने परिवार की पार्टी टीडीपी के साथ तालमेल में काम आएंगी। इससे पहले बिहार में सम्राट चौधरी को अध्यक्ष बनाया गया, जो पहले राजद में थे और फिर जदयू में चले गए थे। उनको अध्यक्ष बना कर भाजपा कुशवाहा और अन्य पिछड़ी जातियों का वोट जोडऩे की कोशिश कर रही है।

अपने संगठन में इधर उधर से आए नेताओं को कमान देकर भाजपा चुनावी जीत का तानाबाना बना रही है और साथ ही दर्जनों छोटी छोटी पार्टियों से तालमेल करके एक एक सीट की रणनीति बना रही है। जितने सहयोगी साथ छोड़ कर चले गए थे सबको वापस लाने की कोशिश हो रही है। इसके लिए मंत्रिमंडल में जगह बनाई जा रही है ताकि उनके नेताओं को केंद्र सरकार में मंत्री बनाया जा सके। अकाली दल और टीडीपी जैसे पुराने सहयोगियों से फिर तालमेल किया जा रहा है। बिहार में जीतन राम मांझी, चिराग पासवान, उपेंद्र कुशवाहा आदि नेताओं से तालमेल हो रहा है।

**भाजपा ने कई बार की बैठकों के बाद चार राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए। उसके साथ ही कर्नाटक में भी अध्यक्ष नियुक्त होना था। नलिन कुमार कतिल का कार्यकाल पिछले साल अगस्त में खत्म हो गया था और अब विस्तारित कार्यकाल भी खत्म हो रहा है। लेकिन बीएस येदियुरप्पा बनाम अन्य की लड़ाई में कोई फैसला नहीं हुआ। चुनाव के बाद विधानसभा का सत्र चालू हो गया लेकिन दो महीने में भाजपा विधायक दल का नेता नहीं चुन पाई। पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई बनेंगे या कोई और इसका फैसला नहीं हो पाया। जिस राज्य में एडजस्टमेंट की राजनीति का सबसे ज्यादा विरोध हुआ वही पर समझौते के प्रयास चल रहे हैं। भाजपा ने पिछले तीन महीने में छह राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष बदले हैं, जिनमें से तीन राज्यों में दूसरी पार्टियों से आए नेताओं को पार्टी की कमान दी गई है। सोचें, एक समय था, जब राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ की दीक्षा के बगैर संगठन में कोई बड़ी जिम्मेदारी नहीं मिलती थी लेकिन अब दूसरी पार्टियों से आकर एक साल के अंदर नेता प्रदेश अध्यक्ष बन रहे हैं। भाजपा ने पंजाब में सुनील जाखड़ को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है, जो पिछले ही साल कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए। अपनी हताशा में भाजपा सोच रही है कि जाखड़ जाट सिख और हिंदू दोनों वोट भाजपा को दिला देंगे। इसी तरह आंध्र प्रदेश में भाजपा ने डी पुरंदेश्वरी को अध्यक्ष बनाया है, जो दिवंगत एनटी रामाराव की बेटी हैं।**

कर्नाटक में जेडीएस को साथ लाने की बात है। सोचें, पिछले ही साल जुलाई में पटना में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ऐलान किया था कि सारी प्रादेशिक पार्टियां खत्म हो जाएंगी। एक साल बाद अब भाजपा मजबूरी में सारी प्रादेशिक पार्टियों को संजीवनी देकर जिंदा कर रही है क्योंकि उसको लग रहा है कि 10 साल के राज के बाद सत्ता बचाए रखने के लिए उसे इनकी जरूरत है।

# यूपी में कांग्रेस को नेता की तलाश



कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश में नेता तलाश रही है। पिछले करीब पांच साल से प्रियंका गांधी वाड्रा प्रभारी के तौर पर उत्तर प्रदेश में काम कर रही थीं। उन्होंने पहले अजय सिंह लल्लू को अध्यक्ष बनवाया था और अब बृजलाल खाबरी को अध्यक्ष बनाया है। यानी कांग्रेस की राजनीति पिछड़ा और दलित वाली रही है। अब कांग्रेस को राज्य में नई राजनीति करनी है तो उसे ऐसे चेहरे की तलाश है, जो अपने दम पर कांग्रेस को खड़ा कर सके। कर्नाटक के बाद कांग्रेस उम्मीद कर रही है कि मुस्लिम उसको वोट देंगे और मल्लिकार्जुन खडग़े की वजह से दलित वोट मिलने की भी उम्मीद है। बसपा प्रमुख मायावती की निष्क्रियता से भी कांग्रेस उम्मीद कर रही है कि कुछ दलित वोट उसकी ओर शिफ्ट होगा। लेकिन कांग्रेस की मुश्किल यह है कि उसके पास नेता नहीं है। पिछले तीन दशक में कांग्रेस ने नए नेता नहीं खड़े किए।

कांग्रेस के पास राज्य में ले–देकर एक मुस्लिम नेता सलमान खुर्शीद हैं। वे भी अपनी चमक काफी पहले खो चुके हैं। पिछले दिनों कांग्रेस ने इमरान प्रतापगढ़ी को राज्यसभा भेजा लेकिन वे कोई जमीनी नेता नहीं हैं और न संगठन के आदमी हैं। वे मंच के लोकप्रिय कवि हैं और किसी बड़े नेता को उनकी शक्ल पसंद आ गई तो वे राज्यसभा चले गए। वे उत्तर प्रदेश तो छोड़िए अपने गृह जिले में भी कांग्रेस के पक्ष में दो–चार वोट भी शिफ्ट कराने की स्थिति में नहीं हैं। तभी सवाल है कि कांग्रेस के पास मुस्लिम वोट में मैसेज देने के लिए कोई बड़ा मुस्लिम नेता नहीं है।

इसी तरह राज्य में कांग्रेस के पास कोई बड़ा ब्राह्मण चेहरा भी नहीं है। कमलापति त्रिपाठी के परिवार के ललितेश पति त्रिपाठी तृणमूल कांग्रेस में चले गए। जितिन प्रसाद भाजपा में जाकर मंत्री बन गए। वाराणसी में ले–देकर राजेश मिश्र हैं। दलित नेतृत्व में खाबरी हैं, जो बसपा से आए हैं और पीएल पुनिया हैं, जो पहले अधिकारी थे और मायावती के बड़े करीबी थे। बेनी प्रसाद वर्मा बड़ा पिछड़ा चेहरा थे लेकिन वे भी बसपा से आए थे। उनके बाद कोई उस कद का नेता कांग्रेस के पास बचा नहीं। उन्हीं की जाति के आरपीएन सिंह थे, जिनको कांग्रेस ने आगे बढ़ाया था। अब वे भाजपा में चले गए हैं। आखिरी बड़ा वैश्य चेहरा श्रीप्रकाश जायसवाल थे और वे भी अब कहां हैं, किसी को पता नहीं है। प्रदेश में कोई बड़ा जाट नेता कांग्रेस के पास पहले से नहीं है। सो, किसी भी जाति या समुदाय का देखिए या जाति व समुदाय से निरपेक्ष होकर देखिए तो कांग्रेस के पास नेता नहीं हैं। इसलिए उसको सपा के सहारे ही राजनीति करनी होगी अन्यथा वह दो–ढाई फीसदी वोट पर सिमटी रहेगी।

# मानवीय भूल का कारण?

क्या सिग्लन सिस्टम और दूरसंचार की व्यवस्था आधुनिक मानदंडों पर खरी थी और इससे बावजूद मानवीय भूल हुई? और क्या ऐसी संवेदनशील ड्यूटी निभाने के लिए मानव को जो उचित परिस्थितियां मिलनी चाहिए, वह वहां मौजूद होने के बावजूद ये हादसा हुआ?

ओडिशा के बालासोर में पिछले दो जून को हुई भीषण ट्रेन दुर्घटना के बारे रेल सुरक्षा आयुक्त की जांच इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि यह हादसा "मानवीय भूल" के कारण हुई। इस भूल के लिए सिग्नल और दूरसंचार विभाग दोषी था। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जांच रिपोर्ट रेल मंत्री को सौंप दी गई है, लेकिन सरकार ने अभी इसे स्वीकार नहीं किया है। इस जांच का एक मतलब यह है कि हादसे के पीछे तोडफ़ोड़ का अंदेशा खारिज हो जाता है। इसी अंदेशे के कारण यह जांच सीबीआई को भी सौंपी गई थी। बहरहाल, जितनी सूचनाएं सामने आई हैं, उनसे इस पर रोशनी नहीं पड़ती कि मानवीय भूल का कारण क्या था?

क्या सिग्लन सिस्टम और दूरसंचार की व्यवस्था आधुनिक मानदंडों पर खरी थी और इससे बावजूद यह भूल हुई? और क्या ऐसी संवेदनशील ड्यूटी निभाने के लिए मानव को जो उचित परिस्थितियां मिलनी चाहिए, वह वहां मौजूद होने के बावजूद यह हादसा हुआ? ये सवाल इसलिए अहम हैं, क्योंकि रेलवे में सुरक्षा संबंधी स्टाफ में भारी कमी और तकनीकी व्यवस्थाओं के कमजोर पडऩे की खबरें अक्सर आती रहती हैं।

अक्सर ऐसी बुनियादी और ढांचागत समस्याएं मानवीय भूल की वजह बन जाती हैं। बालासोर में ऐसा हुआ या नहीं, यह कहने की स्थिति में हम नहीं हैं। बल्कि लोगों को अपेक्षा इस बात की है कि इस हादसे की होने वाली जांच में इस पूरी पृष्ठभूमि को खंगाला जाए। जिस हादसे में 291 जानें गईं और लगभग 900 लोग जख्मी हुए, उसे सिर्फ यह सोच कर नहीं भुलाया जा सकता कि किसी कर्मचारी की भूल से यह सब हो गया। या किसी एक कर्मचारी या एक विभाग के कर्मचारियों को दंडित करना भी पर्याप्त नहीं होगा। मुद्दा यह है कि भारतीय रेल की बुनियाद कमजोर पड़ती चली गई है।

अगर उसे दुरुस्त नहीं किया गया, तो हादसों से बचना मुश्किल होगा। हकीकत यह है कि छोटे–मोटे हादसे आम तौर पर होते रहते हैं, जिन पर उनसे संबंधित लोगों के अलावा किसी और का ध्यान तक नहीं जाता। बालासोर दुर्घटना अपने भीषण रूप के कारण चर्चित हुई। तो यह मौका पूरे संदर्भ पर स्पॉटलाइट डालने का है।

# नुकसान तो आपने बहुत सुने होंगे लेकिन आज चॉकलेट खाने के फायदे भी जान लें

चॉकलेट खाना बच्चों से लेकर बड़ो तक सभी को बेहद पसंद है. लेकिन आपने हमेशा ये सुना होगा कि चॉकलेट खाने से दांत खराब हो जाते हैं ये फैट बड़ जाता है. लेकिन कई रिसर्च में ये दवा किया गया है कि चॉकलेट हेल्थ के लिए फायदेमंद होती है. इसमें पोषक तत्व होते है. बता दें कि चॉकलेट कोको नाम के एक पेड़ के द्रव्य से बनती है. एक्सपर्ट्स बताते हैं कि इस पेड़ में अच्छी मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं. जोकि सेहत के ले बेहद फायदेमंद है. आइए जानते हैं चॉकलेट खाने के फायदे...डार्क चॉकलेट शरीर के लिए एंटीऑक्सीडेंट का एक बड़ा स्त्रोत है. शरीर को बाहरी हमलों से बचाने के लिए एंटीऑक्सीडेंट आहार जरूरी है. दरअसल, कोको में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट उच्च गुणवत्ता वाले होते हैं. कोको पेड़ के तरल पदार्थ से बनी चॉकलेट को डार्क चॉकलेट कहा जाता है. खासतौर पर यह चॉकलेट सेहत के लिए बहुत अच्छी होती है. कोको में मैग्नीशियम, आयरन, पोटैशियम और जिंक के अलावा कई अन्य पोषक तत्व भी होते हैं. इसमें थोड़ी मात्रा में कैफीन भी होता है, इसलिए अगर हम थोड़ी सी चॉकलेट भी खा लें तो शरीर को काफी मात्रा में कैलोरी मिल जाती है. डार्क चॉकलेट में फ्लेवोनोल्स होते हैं जो नाइट्रिक ऑक्साइड का उत्पादन करते हैं, जो आर्टरीज को मजबूत रखता है और रक्त प्रवाह में बाधा नहीं डालता है. अगर शरीर में खून अच्छे से बह रहा है तो दिल और दिमाग भी ठीक से काम कर रहे हैं.

# शिमला बाईपास पर बरसाती नाले उफान पर, यातायात बाधित रहा




विकासनगर। शिमला बाईपास पर बरसाती नाले उफान पर आने से करीब तीन घंटे यातायात ठप रहा। इस बीच सिंहनीवाला में हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की बस नाले के तेज बहाव में फंस गई। हालांकि सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया, जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। शिमला बाईपास पर मलूक चंद नाला और धोबी नाला सुबह से ही उफान पर आ गए थे। दोपहर बाद पानी अधिक बढ़ने पर यातायात ठप हो गया। करीब तीन घंटे तक वाहनों की आवाजाही ठप रही। इससे सड़क के दोनों ओर यात्री वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस मार्ग से अधिकतर हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब से आने जाने वाले वाहन चलते हैं। जबकि सिंहनीवाला में हिमाचल प्रदेश की ओर से आ रहा यात्री वाहन रपटे के तेज बहाव में फंस गया। वाहन में बैठे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। हालांकि स्थानीय ग्रामीणों और एसडीआरएफ की टीम ने मिलकर सभी यात्रियों को सुरक्षित बस से बाहर निकाल दिया। इसके साथ ही उदियाबाग नाला, गौना नदी, शीतला नदी भी उफान पर आ गई हैं।

### कांडोई भरम में लगाया जाए पवन ऊर्जा प्लांट

विकासनगर। चकराता ब्लॉक के कांडोई भरम में पवन ऊर्जा प्लांट लगाए जाने की मांग स्थानीय ग्रामीणों ने की है। इस आशय का ज्ञापन सीडीओ को प्रेषित कर बताया कि संयुक्त उत्तर प्रदेश के दौरान यहां पवन ऊर्जा प्लांट लगा था, जो रखरखाव के अभाव में खराब हो गया है। ज्ञापन में बताया कि कांडोई भरम क्षेत्र के आसोई गांव में मीनस से ऊपर दिन भर तेज हवा चलती रहती है। इससे पवन ऊर्जा का उत्पादन हो सकता है। बताया कि नब्बे के दशक में यहां पवन ऊर्जा प्लांट लगाया गया था, जिससे गांव के संपर्क मार्ग, आंगन में पथ प्रकाश की सुविधा मुहैया होती थी। रखरखाव के अभाव में इस योजना ने कुछ ही वर्षों में दम तोड़ दिया। बताया कि यहां पवन ऊर्जा उत्पादन की अपार संभावना है। प्लांट लगने से बिजली की आपूर्ति होने के साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार की सुविधा भी मिलेगी।

# मंडी परिषद उपलब्ध करायेगी आम लोगों को सस्ता टमाटर



विकासनगर। विकासनगर में टमाटर के दाम एक सौ बीस रुपये किलो तक पहुंचने के बाद आम आदमी के लिए टमाटर खरीदना मुश्किल हो गया है। गरीब लोगों की थाली से टमाटर का स्वाद गायब है। जिसके बाद मंडी परिषद ने आम आदमी के लिए सस्ता टमाटर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। इसके लिए विकासनगर मंडी परिषद ने मंडी की ओर से चार काउंटर सस्ते टमाटर के लगाये हैं।

देहरादून में मंडी परिषद की ओर से लोगों को सस्ता टमाटर उपलब्ध कराने के निर्णय के बाद विकासनगर मंडी परिषद ने भी मंडी की ओर से अलग काउंटर लगाकर लोगों को सस्ता टमाटर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। मंडी परिषद के अध्यक्ष अनिल जैन ने बताया कि विकासनगर मंडी में रविवार से चार काउंटर सस्ते टमाटर के लगाये गये हैं। जिनमें पचास रुपये से लेकर सत्तर रुपये रुपये प्रति किलो टमाटर लोगों को उपलब्ध कराया जायेगा। बताया कि एक बार में प्रत्येक व्यक्ति जो टमाटर खरीदना चाहेगा उसे दो किलो तक ही मिलेगा। एक व्यक्ति को एक ही बार मिलेगा। बताया कि चार काउंटर लगाये गये हैं। जिनमें एक काउंटर हिमाचल फ्रूट कंपनी, महेंद्र कुमार एंड संस, अमित सब्जी भंडार व सुनील कुमार रामलाल के काउंटरों से सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक उपभोक्ता टमाटर खरीद सकेंगें। कहा कि महंगाई के इस दौर में अधिक से अधिक उपभोक्ता इसका लाभ ले सकते हैं।

# बिजली पोल से टकराई बाइक, एक युवक की मौत, एक गंभीर घायल

विकासनगर। विकासनगर–कालसी–यमुनोत्री हाईवे पर लाइन जीवनगढ़ स्थित एक निजी अस्पताल के समीप शनिवार मध्य रात्रि को एक बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गयी।

जिससे बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी, जबकि बाइक सवार दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का उपजिला चिकित्सालय विकासनगर में उपचार किया जा रहा है। मृतक के शव का पंचनामा पोस्टमार्टम कर पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। शनिवार देर रात करीब साढे बारह बजे विकासनगर से अंबाडी की ओर जा रही बाइक कालिंदी अस्पताल के समीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े बिजली के पोल से टकरा गयी, जिससे बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। स्थानीय लोगों की सूचना पर बाइक सवार दोनों लोगों को पुलिस उपजिला चिकित्सालय विकासनगर ले गयी। जहां बाइक सवार हर्षित चौहान 24 पुत्र सिन्हा सिंह चौहान निवासी सैंसा कोरवा चकराता को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल दिव्यांश पुत्र किशनलाल निवासी मंडी चौक गंभीर रूप से घायल है। दिव्यांस का पैर फैक्चर है।, जिसका उपजिला चिकित्सालय में उपचार किया जा रहा है। चौकी प्रभारी हरबर्टपुर अर्जुन सिंह ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है।

### सीएम से की पशु चिकित्सालय खोलने की मांग

विकासनगर। विकासखंड के अंतर्गत खत बनगांव, मोहना, द्वार, अठगांव, बिशलाड़, तपलाड़, और बोंदुर खत के ग्रामीणों ने क्षेत्र में पशु चिकित्सालय खोले जाने की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को प्रेषित किया है। भेजे गए ज्ञापन में लिखा है कि ब्लाक के अंतर्गत आने वाली इन सात खतो में 100 से ज्यादा गांव है लेकिन यहाँ पर कोई पशु चिकित्सालय नही है जिससे ग्रामीण परेशान हैं कहा कि उनके पालतू पशु अक्सर बीमार होते रहते है जिसके लिए उन्हें कई किलोमीटर दूर चकराता या विकासनगर जाना पड़ता है कहना है कि कई बार पशु को ले जाने के लिए वाहन तक नही मिलता है जिसके चलते उनके पशु इलाज के आभाव में दम तक तोड़ देते है कहा कि इन सात खतो में कही भी यदि एक या दो पशु चिकित्सालय खुल जाए तो क्षेत्र के सैकड़ो पशुपालकों को फायदा होगा उन्होंने मुख्यमंत्री से इस ओर कार्यवाही की मांग की है।

# अभाविप के स्थापना दिवस पर गोष्ठी आयोजित की



विकासनगर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 75 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस मनाया गया। रविवार को डाकपत्थर नगर इकाई द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर नई यमुना कॉलोनी में संगोष्ठी का आयोजित की गयी। राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए अभाविप के विभाग संयोजक सूरज नेगी कहा कि विद्यार्थी परिषद द्वारा 75 वर्षों से विद्यार्थियों के लिए कार्य कर रही है। चाहे वो शिक्षा का व्यापारीकरण के खिलाफ देश में चलाया गया अभियान हो या 1989 छात्र संसद दिल्ली ही बात हो या फिर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लिए मांग पत्र। उन्होंने कहा आज का छात्र आज का नागरिक है, विद्यार्थी परिषद का योगदान परिसरों में ही नहीं बल्कि समाज में भी रहता है। विद्यार्थी परिषद द्वारा देश भर में चलाया गया नशा मुक्त पर्यावरण युक्त, स्वच्छ भारत अभियान हो सराहनीय रहा है। कोरोनाकाल में भी अभाविप ने समाजिक कार्य किए। जिला संयोजक आशीष बिष्ट द्वारा अभाविप के देशभर में चल रहे विभिन्न आयामों और कार्यों के बारे में विद्यार्थी दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को बताया गया कि विद्यार्थी परिषद जल, जंगल और जमीन की बात करती है। कहा इसी क्रम में विद्यार्थी परिषद प्रत्येक वर्ष एक वृक्ष मित्र अभियान चलाती है, जिसमें उनके द्वारा पौधों को लगाने का कार्य किया जाता है

### सुरेश चंद्र पंत के पेयजल एमडी बनने पर दी बधाई

देहरादून। कूर्मांचल सांस्कृतिक एवं कल्याण परिषद ने परिषद के वरिष्ठ सदस्य सुरेश चंद्र पंत को जल निगम का एमडी बनने पर उनके आवास पर जाकर उनको बधाई व शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष कमल रजवार ने कहा कि सुरेश चंद्र पंत बहुत सरल और जमीनी स्तर के व्यक्ति हैं। यही कारण है कि वे आज इस मुकाम तक पहुंचे। वह उत्तराखंड से भली भांति परिचित हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रेमनगर रूट पर निजी बस और मैजिक के अवैध संचालन पर रोक की मांग

देहरादून। आरटीआई कार्यकर्ता विजय वर्धन डंडरियाल ने आरोप लगाया कि प्रेमनगर रूट पर निजी बस और मैजिक का संचालन अवैध रूप से हो रहा है। उन्होंने संचालन पर जल्द रोक लगाने की मांग की है। विजय वर्धन डंडरियाल ने बताया कि उन्होंने सूचना का अधिकार के तहत परिवहन परिवहन आयुक्त कार्यालय से देहरादून –प्रेमनगर पर एमवी ऐक्ट 1988 की धारा 102 के अंतर्गत अंतरिम उपान्तरण (मोडिफाइड) की अधिसूचना की प्रमाणित प्रति मांगी थी। विभाग ने जो जानकारी दी उसमें बताया कि यह रूट 12 फरवरी 1951 से ही राष्ट्रीयकृत है, इस मार्ग पर निजी बस संचालन की अनुमति नहीं है, लेकिन देहरादून से विकासनगर, डाकपत्थर, कुल्हाल और कालसी की बसें अवैध रूप से चल रही हैं। इसके साथ ही मैजिक भी अवैध रूप से चल रहे हैं, उन्होंने मांग की है कि जब सरकार इस रूट पर संचालन की अनुमति नहीं देती है, तब तक निजी बस और मैजिक के संचालन पर रोक लगाई जाए।

### झमाझम मानसूनी बारिश के साथ वन विभाग जुटा वृक्षारोपण में

विकासनगर। बारिश के बीच वन विभाग ने पौधरोपण की रूपरेखा बनानी शुरू कर दी है। उप प्रभागीय वनाधिकार मुकुल कुमार ने बताया कि बाबर, मोल्टा, देवघार रेंज के अधिकारियों को पत्र भेजकर तीनो रेंजो में वनीकरण का निर्धारित लक्ष्य के लिए जुलाई से कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। वन क्षेत्राधिकार बाबर महेश शर्मा ने बताया कि बाबर रेंज में कैट प्लान के तहत 25 हेक्टेयर का मिश्रित वनीकरण पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा यह वनीकरण ज्यादा खत वन, सिविल सोयम वन, आरक्षित वन सीमा में लगेगा। जिसका सीधा फायदा चिल्हाड़, बाणाधार, भंदरौली, डिमीच, चाजोई, निमगा, दारागाड, नीवा आदि गांव के ग्रामीणों और उनके पशुओं को पशुओं के चारा घास पती और इन गांव के पेयजल स्त्रोतों को संरक्षण संवर्धन का सीधा लाभ मिलेगा।

# साइकिलिस्ट आशा मालवीय ने की राज्यपाल से भेंट



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में रविवार को साइकिलिस्ट आशा मालवीय ने भेंट की। राज्यपाल ने महिला सशक्तिकरण और महिला सुरक्षा के उद्देश्य से आशा मालवीय द्वारा साइकिल यात्रा के माध्यम से जागरूकता फैलाये जाने के अनूठे प्रयासों की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि वह समस्त युवा बेटियों और महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। अपनी साइकिल यात्रा से उनके द्वारा पूरे देश में एकता का भी एक संदेश प्रसारित किया जा रहा है जो सराहनीय है। राज्यपाल ने आशा मालवीय को शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आशा मालवीय मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले की हैं और वह महिला सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से देशभर में साइकिल यात्रा के माध्यम से जागरूकता का कार्य कर रही हैं। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा यात्रा की शुरूआत 01 नवम्बर 2022 से मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से की गई और यह यात्रा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में सम्पन्न की जायेगी। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के दौरान भारत के 28 राज्यों में कुल 25 हजार कि.मी. की यात्रा तय की जायेगी। इस यात्रा के दौरान उनके द्वारा अभी तक 24 राज्यों में 19700 कि.मी. की दूरी तय की जा चुकी है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने देखी गढ़वाली फिल्म पोथली

देहरादून। भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने महिला सुरक्षा की जागरूकता को लेकर बनी गढ़वाली फिल्म पोथली को कार्यकर्ताओं संग सेंट्रियो मॉल के पीवीआर मल्टीप्लेक्स में देखा।

उन्होंने महिला सुरक्षा पर बनी फिल्म से जुड़े कलाकारों को सम्मानित भी किया। फिल्म कलाकार रवि ममंगाई, बृजेश भट्ट, कुसुम चमोली, रुचि ममंगाई, राम रवि, संजय चमोली, गोकुल पवार, इंदु भट्ट, दीपक रावत के कार्य को उन्होंने सराहा। उन्होने कहा कि यह फिल्म को समाज को नई दिशा देने के लिए सराहनीय रूप से बनाया गया है। इस दौरान सुरेंद्र राणा, बिजेन्द्र थपलियाल, राजेश बडोनी, संकेत नौटियाल, प्रदीप कुमार आशीष शर्मा, रंजीत सेमवाल, प्रियंका बडोनी, पूनम बुटोला शर्मा, कमली भट्ट, पूनम ममंगाई, अनीता सीता देवी, अंजु बिष्ट, विशाल कुमार, प्रकाश बडोनी, राकेश पण्डित, मीरा कठैत, शिशिर कांत त्यागी मौजूद रहे।

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया

देहरादून। भैरव सेना ने सामाजिक संस्था अम्बा फाउंडेशन के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। राजीव नगर कॉलोनियों में आयोजित शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों की जांच कर उन्हें परामर्श भी दिया। इसके साथ ही दवाइयां भी बांटी गई। शिविर का शुभारंभ भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर सिंह पुंडीर ने किया। भैरव सेना के केंद्रीय अध्यक्ष संदीप खत्री ने बताया की भैरव सेना की ओर से यह दूसरा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर है, जो कि जरूरतमंद लोगों के लिए आयोजित किया गया है और संगठन की ओर से समय–समय पर आवश्यकतानुसार निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन सभी जिलों में किया जाएगा। इस मौके पर अम्बा फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष पंकज शर्मा, जिला अध्यक्ष देहरादून सतीश जोशी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुजाता रावत, प्रदेश कोषाध्यक्ष संजय पंवार, जिला उपाध्यक्ष गणेश जोशी, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष पुष्पा थापा, हेमंत सकलानी, निखिल, करण शर्मा मौजूद रहे।

### लायंस क्लब ने दी जरूरतमंद दिव्यांग को ट्राइसाइकिल

ऋषिकेश। लायंस क्लब ऋषिकेश ने रविवार को एक जरूरतमंद दिव्यांग को ट्राईसाइकिल भेंट की। रोटरी क्लब ऋषिकेश के रेलवे मार्ग स्थित कार्यालय में ऋषिकेश निवासी एक जरूरतमंद बुजुर्ग को ट्राईसाईकिल दी गई। क्लब अध्यक्ष सुशील छाबड़ा ने कहा कि जरूरतमंदों की हर संभव मदद करनी चाहिए। क्लब सचिव सुमित चोपड़ा ने कहा कि समाज में दिव्यांग व्यक्तियों को सहयोग और सम्मान की आवश्यकता है।

# स्नेहलता बनी आर्य उप प्रतिनिधि सभा देहरादून की अध्यक्ष

देहरादून। आर्य उप प्रतिनिधि सभा देहरादून के चुनावों में स्नेहलता खट्टर को तीसरी बार सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। मंत्री विनय कुमार सैनी बनाए गए। आर्य समाज मंदिर धामावाला के सत्संग भवन में आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तराखंड के मंत्री चंद्र प्रकाश की मौजूदगी में आर्य उप प्रतिनिधि सभा के वार्षिक चुनाव सौहार्द पूर्ण वातावरण में हुए। जिसमें उपमंत्री शंकर सिंह क्षेत्री, ईश्वर सिंह, सतीश चंद, रविंद्र मोहन बहुगुणा, कोषाध्यक्ष राम बाबू सैनी, सह कोषाध्यक्ष सुभाष गोयल, आर्यवीर दल अधिष्ठाता राजपाल कृषाली, सह आर्य वीर दल अधिष्ठाता केशर सिंह, पुस्तकालय अध्यक्ष अरुणा, सह पुस्तकालय अध्यक्ष कौमुदी वर्मा, लेखा निरीक्षक सतपाल आनंद, सह लेखा निरीक्षक रोहित आर्य को चुना गया। आर्य प्रतिनिधि सभा प्रवक्ता सुधीर गुलाटी ने बताया कि अंतरंग सदस्यों में टीकाराम डबराल, धीरेंद्र मोहन सचदेव, नागेंद्र सिंह तोमर, रेखा आर्य, दयानंद तिवारी, गंभीर सिंह सिंधवाल, सोनिका वालिया, रतन सिंह सिंधवाल, संगीता आर्य शामिल किए गए। विशेष आमंत्रित सदस्यों में अनुजा वर्मा, मीनाक्षी, राजेश कुमार सिंघल, यशपाल सिंह, मुकुंदी लाल आर्य रहेंगे।

### स्मार्ट सिटी कार्यों की जांच की जाएः राजकुमार

देहरादून। राजपुर रोड विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राजकुमार ने स्मार्ट सिटी के कार्यों की जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के 11 वार्डों में 1400 करोड़ से अधिक खर्च करने के बावजूद आधा काम हुआ है।

### भारी बारिश में व्यवस्थाएं परखने निकली एसएसपी

ऋषिकेश। श्रावण मास की कांवड़ यात्रा में भारी बारिश के बावजूद न तो शिवभक्तों का उत्साह कम हुआ है और न ही पुलिस की ड्यूटी के प्रति लगन। रविवार को पौड़ी जिले की पुलिस कप्तान श्वेता चौबे ने यात्रा मार्गों पर बारिश में भीगते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों को बरसाती के साथ नन्हे कांवड़ियों को बिस्कुट भी वितरित किए। एसएसपी ने सोमवार से यात्रा में कांवड़ियों की आमद बढ़ने के चलते सुरक्षा और यातायात इंतजामों को फिर से परखा। उन्होंने स्वर्गाश्रम से नीलकंठ मंदिर तक सड़क की स्थिति देखी। गरुड़चट्टी, फूलचट्टी, रत्तापानी, पीपलकोटी और नीलकंठ में टैक्सी यूनियन बैरियर का भी निरीक्षण किया। कुछ स्थानों पर वह खुद भी भीड़ नियंत्रित करती दिखीं। बम डिस्पोजल स्क्वाड को यात्रा मार्गों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर 24 घंटे सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए।

# हिमाचल की तर्ज पर भू कानून लागू करने की मांग की

देहरादून। देवभूमि युवा संगठन के बैनर तले विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने गांधी पार्क से घंटाघर पर जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। उन्होंने उत्तराखंड में हिमाचल की तर्ज पर भू कानून लागू करने की मांग की है। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष आशीष नौटियाल ने कहा कि देवभूमि युवा संगठन लगातार मूल निवास और प्रदेश में मजबूत भू कानून को लागू कराने के लिए संघर्ष रहा है। कहा कि उत्तराखंड को बचाना है तो सशक्त भू कानून लागू होना चाहिए, इस मांग को अब मजबूती के साथ उठाने की जरूरत है, सभी को एकजुट होना होगा। उन्होंने उत्तराखंड की मूल निवासी जनता के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए भू सुधार कानून लागू करने, मूल निवास प्रमाण पत्रों में हो रहे घोटालों की जांच करने, निजी क्षेत्र में प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार सुनिश्चित कर हिमाचल और हरियाणा सरकार की तर्ज पर 75 फीसदी आरक्षण देने की मांग की है। प्रदर्शन में राष्ट्रीय उत्तराखंड पार्टी के अध्यक्ष एवं आंदोलनकारी संयुक्त परिषद के संरक्षक नवनीत गुसाईं, उत्तराखंड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार, जगमोहन रावत, बालेश बवानिया,सौरव पंवार, आशीष नेगी, करन नेगी शामिल रहे।

### बारिश के बीच युवाओं ने चलाया सफाई अभियान

देहरादून। मालदेवता में रविवार को कई संस्थाओं से जुड़े युवाओं ने बारिश के बीच सफाई अभियान चलाया। युवाओं ने 35 बैग कूड़ा एकत्र किया, उन्होंने यहां आने वाले पर्यटकों से कूड़ा न फैलाने की अपील की।

# श्यामपुर फाटक पर फिर जाम का झाम



ऋषिकेश। कांवड़ यात्रा के दौरान नेशनल हाईवे पर श्यामपुर स्थित रेलवे फाटक पार करना वाहन सवारों के लिए चुनौती बन गया है। कांवड़ियों की आमद बढ़ने से हाईवे पर जाम का झाम बढ़ गया है। इससे वाहन सवारों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। संकरा हाईवे होने से ट्रैफिक को नियंत्रित रखने में पुलिसकर्मियों को भी दिक्कतें पेश आ रही हैं। रविवार को श्यामपुर फाटक पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। नेपालीफार्म से लेकर रेलवे फाटक तक वाहनों की कतारें लगी रहीं। ऋषिकेश से हरिद्वार जाने वाले ट्रैफिक की भी यही स्थिति रही। कांवड़ियों की तेजी से बढ़ती आमद से जाम में वाहन सवारों को मिनटों का सफर घंटों में तय करना पड़ा। गढ़ीमयचक तिराहे से रेलवे फाटक तक संकरे हाईवे पर यातायात को सुचारु रखने में पुलिसकर्मियों को भी दिक्कतें पेश आई। सीओ संदीप नेगी ने बताया कि अभी कांवड़ियों की संख्या ज्यादा नहीं है। आमद बढ़ने पर श्यामपुर फाटक के जाम से लोगों को बचाने के लिए कांवड़ियों को भी पुलिस के यात्रा और पर्यटक सीजन के डायवर्ट रूट से भेजा जाएगा। इसमें कांवड़ वाहनों को ऋषिकेश में इंद्रमणि बड़ोनी चौक से रानीपोखरी और डोईवाला होते हुए हरिद्वार भेजा जाएगा। इससे श्यामपुर में जाम की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी। फिलहाल पुलिस कर्मियों को यातायात सुचारु रखने के लिए हर संभव कोशिश के निर्देश दिए गए हैं।

### नीलकंठ में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखें विभाग

ऋषिकेश। पौड़ी गढ़वाल डीएम डॉ. आशीष चौहान ने नीलकंठ मंदिर का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागों को बिजली, पेयजल, शौचालय, पार्किंग सहित तमाम सुविधाएं बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। रविवार को पौड़ी गढ़वाल के डीएम डॉ. आशीष चौहान ने बिजली, पेयजल, शौचालय, पार्किंग, साफ–सफाई, जल निकासी, स्वास्थ्य सेवा आदि का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को इसको लगातार बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। नीलकंठ चौकी के निरीक्षण के दौरान उन्होंने खोया पाया केंद्र का अवलोकन करते हुए मुस्तैदी से ड्यूटी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को जोनवाइज मेला कंट्रोल रूम को बिजली, पानी, शौचालय, स्वास्थ्य सेवा इत्यादि की दैनिक रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

## आदर्श प्राथमिक विद्यालय ढालवाला में हुआ गुरु वंदन कार्यक्रम का आयोजन

ऋषिकेश। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ब्लॉक इकाई नरेंद्रनगर के गुरु–वंदन कार्यक्रम में वक्ताओं ने गुरु महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम में प्रथम गुरु कहे जाने वाले महर्षि वेद व्यास के चित्र पर माल्यार्पण भी किया गया। रविवार को आदर्श प्राथमिक विद्यालय ढालवाला में गुरु वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य एसबीएम इंटर कॉलेज डीबीपीएस रावत, गढ़भूमि लोकसंस्कृति संरक्षण समिति अध्यक्ष आशाराम व्यास, प्रदेश प्रवक्ता पेन्शनर्स संगठन जबर सिंह पंवार ने संयुक्त रूप से किया। डीबीपीएस रावत ने कहा कि गुरु अज्ञान के अंधेरे को दूर कर हमारे जीवन में ज्ञान का दीपक जलाते हैं। सेवानिवृत्त शिक्षक जबर सिंह पंवार ने कहा कि गुरु का स्थान सर्वोपरि है। आशा राम व्यास ने कहा कि गुरु उस मोमबत्ती के समान होते हैं, जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देते हैं। मौके पर छात्र –छात्राओं को मिष्ठान्न वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका पुनीता झिल्डियाल, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की नरेंद्रनगर इकाई के ध्यक्ष भरत लाल बडोनी, जिलाध्यक्ष मीनाक्षी उनियाल, जिला मंत्री आचार्य संतोष व्यास, आचार्य सन्तोष व्यास, बिशम्बरी भट्ट, उत्तम सिंह भंडारी अदि उपस्थित रहे।

# कनाडा ओपनः सेन फाइनल में, सिंधू सेमीफाइनल में यामागुची से हारीं



कालगैरी, राष्ट्रमंडल खेलों के चैम्पियन लक्ष्य सेन ने यहां जापान के केंटा निशिमोटो पर सीधे गेम में जीत दर्ज कर कनाडा ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

सेन ने जापान के 11वीं रैंकिंग के खिलाड़ी को 21–17 21–14 से हराकर अपने दूसरे सुपर 500 फाइनल में जगह बनायी। यह एक साल में उनका पहला बीडब्ल्यूएफ फाइनल भी होगा।

सत्र के शुरु में वह फॉर्म में नहीं थे जिससे रैंकिंग में 19वें नंबर पर खिसक गये। 2021 विश्व चैम्पियनशिप में इस 21 साल के खिलाड़ी ने कांस्य पदक जीता था। अब रविवार को फाइनल में उनका सामना चीन के लि शि फेंग से होगा जिनके खिलाफ उनका जीत का रिकॉर्ड 4–2 का है।

वहीं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकीं और महिला एकल के सेमीफाइनल में जापान की नंबर एक खिलाड़ी अकाने यामागुची से 14–21 15–21 से हार गयीं।

सेन ने पिछला फाइनल पिछले साल अगस्त में राष्ट्रमंडल खेलों में खेला था। वह यहां सेमीफाइनल के शुरु में 0–4 से पिछड़ रहे थे लेकिन जल्द ही उन्होंने 8–8 से बराबरी हासिल की। ब्रेक तक निशिमोटो 11–10 से बढ़त बनाये थे लेकिन जल्द ही भारतीय खिलाड़ी ने अपने पसंदीदा स्मैश और तेज रिटर्न से वापसी की और अपने प्रतिद्वंद्वी के लांग शॉट से गेम अपने नाम किया।

दूसरे गेम में दोनों ने एक दूसरे को बराबरी की टक्कर दी लेकिन सेन की सतर्कता निशिमोटो पर भारी पड़ी। एक समय 2–2 के समान स्कोर के बाद दोनों 9–9 की बराबरी पर थे। ब्रेक तक सेन ने दो अंक की बढ़त बना ली।

ब्रेक के बाद सेन 19–11 से आगे थे और निशिमोटो के फिर से नेट पर शॉट लगाने से भारतीय खिलाड़ी ने मुकाबला जीत लिया।

# इंग्लिश गेंदबाज मोईन अली ने स्मिथ को आउट करते ही हासिल की ये उपलब्धि, शामिल हुए दिग्गजों की लिस्ट में



नईदिल्ली,इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच एशेज सीरीज का तीसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। इस मैच में स्पिनर मोईन अली ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। हालांकि इसके पहले खेले गए दूसरे टेस्ट में वो चोट के कारण नहीं खेल पाए थे। अब तीसरे टेस्ट में उन्होंने स्टीव स्मिथ का विकेट लेकर एक कारनामा कर दिखाया है।

जी हां आपको बता दें की तीसरे एशेज टेस्ट की ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में स्टीव स्मिथ का विकेट लेकर मोईन अली ने अपने टेस्ट करियर के 200 विकेट पूरे कर लिए है। मोईन अब 200 विकेट लेने वाले 16वें इंग्लिश गेंदबाज बने है। दूसरी पारी में मोईन अली ने दो महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए है। इस मैच में मोईन अली ने पहले मार्नस लाबुशेन को हैरी ब्रूक के हाथों और फिर स्टीव स्मिथ को बेन डकेट के हाथों कैच आउट कराया। स्मिथ को आउट करने के साथ ही मोईन के टेस्ट क्रिकेट में 200 विकेट पूरे हो गए। वह ऐसा करने वाले 16वें इंग्लिश गेंदबाज बन गए है। मोईन ने 66 टेस्ट की 116 पारियों मे 200 विकेट लिए है। उन्होंने 66 टेस्ट की 114 पारियों में 2,972 रन भी बनाए हैं।

# प्रियांश कम्पांउड तीरंदाजी में विश्व अंडर–21 चैम्पियन बने



लिमेरिक (आयरलैंड), भारतीय तीरंदाज प्रियांश यहां चल रही विश्व तीरंदाजी युवा चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे जिससे देश के पदकों की संख्या नौ हो गयी।

प्रियांश शनिवार को एकतरफा पुरुष अंडर–21 व्यक्तिगत फाइनल में स्लोवेनिया के अलजाज ब्रेंक को 147–141 से हराकर अंडर–21 विश्व चैम्पियन बने। इससे पहले उभरती हुई तीरंदाज अदिति स्वामी अमेरिका की लिएन ड्रेक को हराकर अंडर–18 महिला विश्व चैम्पियन बनीं।

पिछले महीने विश्व कप में अंडर–18 कम्पाउंड महिला क्वालीफाइंग रिकॉर्ड बनाने वाली अदिति ने इसी लय को जारी रखते हुए यहां चल रही युवा विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में लिएन को 142–136 से पराजित किया।

विश्व कप में सीनियर पदार्पण करते हुए अदिति ने पिछले महीने कोलंबिया में टीम कांस्य पदक जीता था।

अदिति ने पिछले साल शारजाह में एशिया कप के तीसरे चरण में व्यक्तिगत रजत पदक भी अपने नाम किया था। भारत ने अभी तक नौ पदक जीत लिये हैं जिसमें पांच स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं।

# ग्रैंड शतरंज टूरः आनंद और गुकेश संयुक्त छठे स्थान पर



जगरेब, भारतीय खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद और डी गुकेश 2023 सुपरयूनाइटेड रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट के ब्लिट्ज वर्ग के पहले दिन संयुक्त छठे स्थान पर चल रहे हैं। यह प्रतियोगिता ग्रैंड शतरंज टूर का हिस्सा है।

पांच बार के विश्व चैम्पियन आनंद अपने नौ गेम में से केवल दो में ही जीत दर्ज कर पाये जिसमें से एक जीत उन्हें युवा जीएम गुकेश के खिलाफ ही मिली। इससे नौ दौर में उनके 13 अंक हो गये हैं जबकि ब्लिट्ज वर्ग में नौ और गेम खेले जाने बाकी हैं।

आनंद ने एक अन्य जीत फैबियानो कारूआना के खिलाफ हासिल की। वहीं गुकेश ने रोमानिया के रिचर्ड रैपोर्ट के खिलाफ जीत से शुरुआत की लेकिन इसके बाद उन्हें लगातार चार हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने वापसी करते हुए रोमानिया के कोंस्टेंटिन लुपुलेस्कू और पोलैंड के जान क्रिस्तोफ डुडा को हरा दिया। इसके बाद उन्हें क्रोएशिया के इवान सारिच और इयान नेपोमनियाच्ची से हार मिली।

आनंद और गुकेश 13–13 अंक लेकर संयुक्त रूप से छठे स्थान पर चल रहे हैं। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन बेहतरीन फॉर्म में हैं, उन्होंने अपने सभी नौ गेम में जीत से बड़ी बढ़त हासिल कर ली है। उनके 20 अंक हैं। नेपोमनियाच्ची और कारूआना संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रहे हैं।

## एआईएफएफ क्लब लाइसेंसिंग समिति ने आईएसएल की तीन टीम को छूट दी

नयी दिल्ली, । अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की क्लब लाइसेंसिंग समिति ने शनिवार को इंडियन सुपर लीग की तीन टीम हैदराबाद एफसी, नार्थ ईस्ट यूनाईटेड और ईस्ट बंगाल को आगामी घरेलू सत्र के लिए कुछ मानदंड को पूरा करने से छूट दे दी।

छह आई लीग क्लब को भी समिति ने कुछ छूट दी है जो श्रीनिधि डेक्कन, गोकुलम केरला, मोहम्मडन स्पोर्टिंग, रीयल कश्मीर, चर्चिल ब्रदर्स और ऐजल एफसी हैं। समिति ने यहां शनिवार को गिरिजा मुंगाली की अध्यक्षता में मुलाकात की।

एआईएफएफ की विज्ञप्ति के अनुसार, समिति ने तीन प्रीमियर 1 क्लब और साथ ही सात प्रीमियर 2 क्लबों के द्वारा किये गये छूट के अनुरोध पर चर्चा की।

# बीसीसीआई ने एशियाई खेलों में भारत की भागीदारी को दी मंजूरी

नई दिल्ली,भारत की पुरुष और महिला क्रिकेट टीमें पहली बार एशियाई खेलों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं, बीसीसीआई की शीर्ष परिषद ने सितंबर–अक्टूबर में होने वाले आगामी खेलों में उनकी भागीदारी को मंजूरी दे दी है। क्रिकेट इससे पहले दो बार 2010 और 2014 में एशियाई खेलों में शामिल हो चुका है , लेकिन भारत ने दोनों बार हिस्सा नहीं लिया था।

2010 और 2014 संस्करणों की तरह, हांग्जो में क्रिकेट आयोजन का प्रारूप टी20 ही होगा। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पुष्टि करते हुए कहा,हम एशियाई खेलों में भाग लेने जा रहे हैं।सर्वोच्च परिषद ने हमारी पुरुष और महिला टीमों की भागीदारी को मंजूरी दे दी है।

पुरुषों के एकदिवसीय विश्व कप के साथ, जो एशियाई खेलों की क्रिकेट प्रतियोगिता की समाप्ति से दो दिन पहले 5 अक्टूबर को शुरू होने वाला है, बीसीसीआई द्वारा खेलों में दूसरी पंक्ति की पुरुष टीम और पूरी ताकत वाली महिला टीम भेजने की उम्मीद है।

बांग्लादेश (2010) और श्रीलंका (2014) ने खेलों के पिछले संस्करणों में पुरुषों का स्वर्ण पदक जीता, जबकि पाकिस्तान ने दोनों बार महिलाओं का स्वर्ण पदक जीता।

रिपोर्ट के अनुसार, शीर्ष समिति द्वारा चर्चा किए गए अन्य मुद्दों में विदेशी लीगों में भाग लेने के लिए अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास लेने वाले खिलाडि़यों का मुद्दा भी शामिल था। इसका सबसे ताजा मामला अंबाती रायडू का है, जो आईपीएल 2023 के फाइनल के बाद सेवानिवृत्त हो गए, जिसके बाद उन्होंने मेजर लीग क्रिकेट के आगामी उद्घाटन संस्करण के लिए टेक्सास सुपर किंग्स के साथ अनुबंध किया।

मौजूदा स्थिति के अनुसार, भारतीय क्रिकेटर विदेशी लीगों में केवल तभी भाग ले सकते हैं, जब वे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट या आईपीएल सहित बीसीसीआई द्वारा संचालित टूर्नामेंटों में शामिल नहीं होंगे। जबकि अब तक केवल मुट्ठी भर भारतीय खिलाड़ी ही अपने संन्यास के बाद विदेशी लीगों में खेलने गए हैं, दुनिया भर में तेजी से बढ़ती लीगों ने यह चिंता बढ़ा दी है कि खिलाड़ी इन नए टूर्नामेंटों में खेलने के लिए जल्दी संन्यास ले सकते हैं।

शाह ने कहा, हम पूर्व–निर्धारित सेवानिवृत्ति की प्रवृत्ति को रोकने के लिए एक नीति लाएंगे। पदाधिकारी एक नीति बनाएंगे और इसे मंजूरी के लिए वापस भेजेंगे।

## फिल्मी सफर

# प्रोजेक्ट–के ने रचा इतिहास, बनी सैन डिएगो कॉमिक–कॉन में लॉन्च होने वाली पहली भारतीय फिल्म




प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन की पैन इंडिया फिल्म प्रोजेक्ट के का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अब तक इस फिल्म से जुड़ीं तमाम जानकारियों का आधिकारिक रूप से ऐलान नहीं हुआ है। अब खबर है कि प्रोजेक्ट के की घोषणा दुनियाभर के सबसे बड़े कार्यक्रमों में से एक सैन डिएगो कॉमिक–कॉन में होगी और इससे भी बड़ी बात यह है कि इस कार्यक्रम में लॉन्च होने वाली यह भारत की पहली फिल्म बन गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म के निर्माता 19 जुलाई यानी कार्यक्रम के पहले दिन की रात को होने वाले जश्न में इस फिल्म की पेशकश करेंगे। अगले दिन यानी 20 जुलाई को फिल्म की टीम प्रोजेक्ट केः भारत की पौराणिक साइंस फिक्शन फिल्म की पहली झलक टाइटल के तहत अपनी इस फिल्म का नाम, टीजर, ट्रेलर और रिलीज तारीख का ऐलान करेगी। फिल्म के सितारे सैन डिएगो कॉमिक–कॉन के सबसे बड़े मंच पर होने वाले प्रदर्शन में भी शामिल होंगे। 20 जुलाई को पैनल पर होने वाली चर्चा में प्रभास, दीपिका, अमिताभ, कमल हासन और निर्देशक नाग अश्विन समेत पूरी टीम मौजूद रहेगी। इससे उत्साहित अश्विन बोले, भारत अब तक लिखी गईं कुछ महानतम कहानियों और सुपरहीरोज का घर है। हमें लगता है कि हमारी फिल्म इसे सामने लाने और दुनिया के साथ साझा करने का एक प्रयास है। कॉमिक–कॉन हमें अपनी कहानी को दुनियाभर के दर्शकों के सामने पेश करने के लिए एक सबसे आदर्श मंच है।

अश्विन ने आगे कहा, भारतीय फिल्म उद्योग के सबसे पुराने प्रोडक्शन हाउस में से एक के रूप में हमें इस असाधारण यात्रा पर जाने पर बहुत गर्व है। हमारे देश के कुछ सबसे बड़े कलाकारों के साथ जुड़कर हम भारतीय सिनेमा की सीमाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा, यह उन सभी भारतीय दर्शकों के लिए गर्व का पल है, जो भारतीय सिनेमा को वैश्विक मंच पर देखना चाहते हैं। कॉमिक कॉन हमारे लिए वही वैश्विक मंच है।अमिताभ ने ट्वीट किया, मेरे लिए गर्व का क्षण। मुझे कभी अहसास नहीं हुआ कि यह कितना महत्वपूर्ण और बड़ा है? अब मुझे पता है। पूरी टीम का उस प्यार के लिए शुक्रिया, जो इसने मुझे दिया और मुझे इस अविश्वसनीय अनुभव का हिस्सा बनाया। कॉमिक–कॉन की शुरुआत 1970 में हुई थी। इस 4 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन 2003 से हर साल जुलाई में सैन डिएगो के सैन डिएगो कन्वेंशन सेंटर में हो रहा है। अब तक के इतिहास में केवल 2 बार कोरोना के कारण यह कार्यक्रम रद्द हुआ है। इसका मकसद कलाकारों, लेखकों, रचनाकारों और प्रशंसकों को टीवी शो से लेकर फिल्मों और ऑनलाइन गेम्स से लेकर कॉमिक्स तक, हर चीज पर चर्चा करने के लिए एक ही छत के नीचे लाना है।

# प्रभास से दोबारा भिड़ने की तैयारी में विवेक अग्निहोत्री, आमने–सामने होंगी द वैक्सीन वॉर और सालार




प्रभास इन दिनों फिल्म सालार को लेकर सुर्खियों में हैं। हालांकि, जिस तरह से उनकी इस फिल्म को लेकर हो–हल्ला मचा हुआ है, ऐसा ही शोरगुल आदिपुरुष को लेकर भी था, जो बॉक्स ऑफिस पर फेल हो गई। बहरहाल, नई खबर है कि प्रभास और विवेक अग्निहोत्री दोबारा बॉक्स ऑफिस पर आमने–सामने होंगे। जहां प्रभास की सालार 28 सितंबर को आ रही है, वहीं अग्निहोत्री भी अपनी फिल्म द वैक्सीन वॉर के लिए इसी तारीख पर नजरें गड़ाए बैठे हैं।

फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने ट्विटर पर यह जानकारी दी है कि द वैक्सीन वॉर और सालार के बीच बॉक्स ऑफिस पर टकराव हो सकता है। दरअसल, अग्निहोत्री पिछले काफी समय से अपनी फिल्म के लिए रिलीज तारीख तय करने को लेकर असमंजस में थे, लेकिन अब उनकी यह उलझन खत्म हो गई है। उन्होंने अपनी फिल्म की रिलीज के लिए 28 सितंबर का दिन चुना है, जिस दिन प्रभास सालार लेकर सिनेमाघरों में आ रहे हैं।

बता दें कि इससे पहले भी अग्निहोत्री और प्रभास के बीच बॉक्स ऑफिस पर मुकाबला देखने को मिल चुका है। पिछले साल 11 मार्च को जहां अग्निहोत्री की फिल्म द कश्मीर फाइल्स सिनेमाघरों में आई थी, वहीं प्रभास राधे श्याम लेकर आए थे। तब किसी ने नहीं सोचा था कि द कश्मीर फाइल्स, राधे श्याम का पत्ता साफ कर देगी। हैरानी तब हुई, जब राधे श्याम ने बड़ी ओपनिंग के बावजूद द कश्मीर फाइल्स के आगे घुटने टेक दिए। देश के अनकहे गंभीर मुद्दों को बड़े पर्दे पर बेहतरीन ढंग से पेश करने वाले अग्निहोत्री की द वैक्सीन वॉर एक और सच्ची कहानी से प्रेरित है। इस फिल्म में असल कोविड योद्धा नजर आ सकते हैं, जिन्होंने खुद को जोखिम में डालकर कोरोना से मृत लोगों के अंतिम संस्कार में मदद की थी।

# बरुन सोबती की कोहरा का ट्रेलर रिलीज, 15 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी सीरीज




एक के बाद एक टीवी स्टार्स बड़े पर्दे या फिर ओटीटी की ओर बढ़ते नजर आ रहे हैं। इसी बीच अब एक्टर बरुण सोबती भी अपना ओटीटी डेब्यू कर चुके हैं। बरुण हाल ही में सीरीज असुर में नजर आए थे। वहीं अब वेब सीरीज कोहरा में नजर आने वाले हैं, जिसका ट्रेलर रिलीज हो चुका है। 1 मिनट 51 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत एनआरआई की हत्या से शुरू होता है। पुलिस वाले एनआरआई की मौत की गुत्थी सुलझाते नजर आ रही हैं। कोहरा एक एनआरआई की मौत के खोज पर आधारित है। इस वेब सीरीज में सुविंदर विक्की, बरुण सोबती, वरुण बडोला और हरलीन सेठी सहित अन्य कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। सुविंदर विक्की और बरुण सोबती की इस सीरीज में दो पुलिसकर्मी हत्यारे को पकड़ने के लिए अपनी तलाश शुरू करते हैं और अपने प्यार और रिश्तों को भी आगे बढ़ाते हैं। रणदीप झा द्वारा निर्देशित कोहरा एक एनआरआई की मौत की जांच पर आधारित है। दर्शकों को वेब सीरीज का ट्रेलर पसंद आ रहा है। कोहरा को गुंजित चोपड़ा और दिग्गी सिसोदिया ने लिखा है, जिसमें कर्णेश शर्मा कार्यकारी निर्माता के रूप में जुड़े हुए हैं। ये सीरीज 15 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने जा रही है। बरुण सोबती और सुविंदर विक्की के अलावा हरलीन सेठी भी इस सीरीज में अहम रोल में हैं। बरुण सोबती और पश्मीन मनचंदा अप्रैल में दूसरी बार पेरेंट्स बने हैं।

# ओह माय गॉड 2 से यामी गौतम का पहला लुक जारी, वकील की भूमिका में आईं नजर



अक्षय कुमार की फिल्म ओएमजी 2 का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. फिल्म में अक्षय भगवान शिव के रोल में नजर आने वाले हैं. अक्षय का लुक सामने आने के बाद से फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट बहुत बढ़ गई थी. अक्षय और पंकज त्रिपाठी के बाद फिल्म से यामी गौतम का लुक सामने आ गया है. यामी गौतम फिल्म में वकील का किरदार निभाती नजर आने वाली हैं. ये फिल्म 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है. यामी गौतम के लुक की बात करें तो वह वकील के लुक में नजर आ रही हैं. उन्होंने ब्लैक कोर्ट और व्हाइट शर्ट पहना हुआ है. यामी के चेहरे पर इंटेंस एक्सप्रेशन हैं. उनके किरदार का नाम कामिनि माहेश्वरी है. यामी ने फिल्म से अपना लुक शेयर करते हुए लिखा– मिलिए कामिनी माहेश्वरी से. 11 अगस्त को ओएमजी 2 सिनेमाघरों में रिलीज होगी. अक्षय कुमार ने भी यामी गौतम का लुक शेयर किया है. उन्होंने लिखा– सच वही है जो साबित किया जा सके. सच की लड़ाई शुरू होने जा रही है. टीजर जल्द ही रिलीज होगा. अक्षय कुमार की ओमएमजी 2 रिलीज होने के लिए तैयार है. इस फिल्म का क्लैश सनी देओल और अमीषा पटेल की गदर 2 से होने जा रहा है. ओएमजी 2 और गदर 2 दोनों ही फिल्में मोस्ट अवेटिड हैं. अब देखना होगा बॉक्स ऑफिस पर दोनों में से कौन सी फिल्म बाजी मारने वाली है. ये पहली बार नहीं है जब अक्षय कुमार और सनी देओल की भिड़ंत होने वाली है. इससे पहले भी दोनों की फिल्में एक साथ रिलीज हुईं थीं और दोनों ने ही अच्छा बिजनेस किया था.

जयन्त

संस्थापक

नरेन्द्र उनियाल

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और

सम्पादक

नागेन्द्र उनियाल

द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित

RNI No.UTTHIN/2005/16338